53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.8°c अधिकतम 32.8 °c

**अमृतवाणी**

ज्यादा बोझ लेने वाले अक्सर डूब जाते हैं, फिर चाहे वो सामान का हो या अभिमान का हो।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बिजली विभाग को व्यवस्था के लिये रिकार्ड बजट मिला है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : योगी





सूर्योदय - 5:36, सूर्यास्त - 7:14 | वर्ष: 53/अंक :207 सोमवार, 28 जुलाई 2025 श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ -4

पिछली सरकारों की व्यवस्था से जो आदत जन्मी थी... वो जाते-जाते जयेगी...


# विकास की राह पर शुकतीर्थ, मुख्यमंत्री ने किया 13.5 करोड़ का बजट स्वीकृत

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** प्रदेश के धार्मिक स्थल शुकतीर्थ के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने 13:50 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रस्ताव पर 10 करोड़ व क्षेत्रीय विधायक मिथलेश पाल के दिए प्रस्ताव पर 3.50 करोड़ की स्वीकृति पर्यटन विभाग ने दी है। इस बजट से क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का व्यापक विकास किया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी।

**▶▶ मंत्री कपिल देव के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुए 10 करोड़ रुपए**
**▶▶ विधायक मिथलेश पाल के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग ने 3.50 करोड़ की दी स्वीकृति**

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि शुकतीर्थ केवल एक तीर्थस्थल नहीं, अपितु शुकदेव जी की तपोभूमि और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का गौरव है। इसके विकास की मांग वर्षों से थी। इस विषय को उन्होंने पूर्ण गंभीरता से मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनके मार्गदर्शन व संवेदनशीलता के फलस्वरूप 13.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस निधि से तीर्थ क्षेत्र में भागवत कथा केंद्र एवं म्यूजियम स्थापना व सूक्ति परिषद कार्यालय निर्माण कार्य, शुकतीर्थ में प्राचीन शुकदेव मंदिर एवं वट वृक्ष का पर्यटन विकास, शुकतीर्थ में रविदास मंदिर का पर्यटन विकास एवं सत्संग भवन निर्माण तथा आधारभूत संरचनाएं, पर्यटन सुविधाएं, श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल, सुंदर घाट, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, सुरक्षा एवं सड़क संपर्क आदि को सुदृढ़ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शुकतीर्थ के विकास की यह स्वीकृति केवल एक बजट घोषणा नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की तत्परता व भाजपा की सबका साथ, सबका विकास नीति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जिस संवेदनशीलता और तत्परता से शुकतीर्थ के विकास प्रस्ताव पर अमल किया, वह प्रशंसनीय है। उनके सहयोग से 13.50 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक स्वीकृति संभव हो सकी है, जिसमें 10 करोड़ उनके प्रस्ताव तथा 3.50 करोड़ रुपए क्षेत्रीय विधायक मिथलेश पाल के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव संस्कृति और सनातन को राष्ट्रनीति से जोड़ा है। शुकतीर्थ के विकास के माध्यम से हम अपने वैदिक गौरव, ऋषि परंपरा व आस्था की धारा को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रहे हैं।



# जनपद में 8,172 अभ्यर्थियों ने छोड़ी आरओ-एआरओ परीक्षा

**▶▶ 28 परीक्षा केंद्रों पर तीसरी आंख की निगरानी में हुई परीक्षा ▶▶ सघन तलाशी के बाद ही मिल सका अभ्यर्थियों को प्रवेश ▶▶ अभ्यर्थियों के सामान के लिए बनाए गए केंद्रों पर क्लॉक रूम**

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा रविवार सुबह जिले के 28 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के बीच संपन्न हो गई। एक पाली में संपन्न हुई इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थी सुबह 8 बजे से ही केंद्रों के बाहर जुटने लगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर इस बीच अधिकारियों व कर्मचारियों ने फेस रिकग्नीशन, बायोमेट्रिक सत्यापन और सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को मुख्य गेट से प्रवेश दिया जा सका। इस बीच ड्यूटी पर तैनात कर्मियों ने आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थियों को जांच के बाद प्रवेश कराया। जिले में संपन्न हुई उक्त परीक्षा में मात्र 37.21 प्रतिशत अभ्यर्थी ही यह परीक्षा देने के लिए केंद्रों पर पहुंचे, जबकि 62.79 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा से किनारा बना लिया। जिले भर के 28 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आरओ-एआरओ परीक्षा सिर्फ एक पाली में संपन्न कराई गई। इससे पहले परीक्षार्थी तय समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचे। जांच के बाद उन्हें सेंटर में प्रवेश दिलाया गया। जनपद में इस बीच पंजीकृत 13,015 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई। वहीं परीक्षा केंद्रों के बाहर महिला व पुरुष कांस्टेबलों की टीमें तैनात रही। शासन के निर्देशों के चलते सभी परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले परीक्षार्थियों के सामान के लिए काउंटर बनाने के साथ सुरक्षा कारणों के चलते क्षेत्र में फोटोस्टेट की दुकानें बंद रखी गई। रविवार को एक पाली में संपन्न हुई परीक्षा में पंजीकृत 13,015 परीक्षार्थियों के सापेक्ष मात्र 4,843 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो पाए, जबकि किन्हीं कारणों के चलते इस बीच कुल 8,172 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे।

डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि सभी 28 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए केन्द्र व्यवस्थापक के साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत प्रशिक्षित कक्ष निरीक्षक, पुलिस बल व मोबाइल सचल दल की तैनाती की गई। वहीं परीक्षा केन्द्रों पर हर गतिविधि पर मुख्यालय स्थित मॉनिटरिंग सेल से लाइव नजर रखी गई। इससे पूर्व सभी परीक्षार्थी भी पूरी सजगता के साथ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और लाइन में लगने के साथ हाथ में प्रवेश पत्र व आईडी लेकर शांतिपूर्वक प्रवेश की प्रक्रिया से गुजरते रहे। इस बीच कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल या ब्लूटूथ आदि केंद्र में नहीं ले जाने दिया गया। जनपद के हर परीक्षा केंद्र में केंद्र व्यवस्थापक के अलावा दो मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। परीक्षा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चली।



***इन्होंने कहा-***

***एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को आयोजित हुई यूपीपीएससी की आरओ-एआरओ के लिए परीक्षा में पंजीकृत 13,015 अभ्यर्थियों में से केवल 37.21 प्रतिशत ने ही परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में मात्र 4,843 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 8,172 इस बीच अनुपस्थित पाये गये। इसमें सबसे कम 28.65 प्रतिशत उपस्थिति जीसी पब्लिक स्कूल नवीन मंडी कूकड़ा में रही। यहां पंजीकृत 384 अभ्यर्थियों में से मात्र 110 उपस्थित और 274 अनुपस्थित रहे, जबकि सर्वाधिक 43.54 प्रतिशत उपस्थिति नगर मुख्यालय स्थित राजकीय इंटर कॉलेज सरकुलर रोड महावीर चौक में रही, यहां पंजीकृत 480 अभ्यर्थियों में 209 उपस्थित और 271 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।***

## ललितपुर में सपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ललितपुर 27 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में आज रविवार को विकास खंड बार के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व समाजवादी नेता रामसजीवन यादव के पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि बिकास खंड व थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम टोडी निवासी इंद्रजीत सिंह यादव उर्फ राजा भैया (45) ने घर के पीछे स्थित बीएसएनएल के टावर से लटक कर फांसी लगा ली। सूचना मिलने पर परिजनों ने उपस्थित लोगों के सहयोग से उन्हें टॉवर से नीचे उतारा और मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षणोपरान्त उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## यूपी बनेगा भारत का एआई हब, लखनऊ बनेगा देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए राज्य को देश का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू कर दी है। लखनऊ जल्द ही भारत का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी बनने जा रहा है, जहां स्मार्ट शिक्षा, सुरक्षा, कृषि और प्रशासन के क्षेत्र में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने तकनीकी शिक्षा को और समृद्ध करते हुए 500 कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्लाउड कंप्यूटिंग के कोर्स शुरू किए हैं। इसका उद्देश्य युवाओं को वैश्विक तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार करना है। प्रदेश के 17 नगर निगमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सीसीटीवी और एसओएस सिस्टम लगाए गए हैं। वहीं 70 जेलों में 'जार्विस' आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस निगरानी सिस्टम सक्रिय किया गया है, जो कैदियों की गतिविधियों पर रियल टाइम में नजर रखता है।

## चुनाव आयोग के एसआईआर को लेकर उठे दावे सुप्रीम कोर्ट में, एडीआर पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)।** बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और आरजेडी ने आरोप लगाया है कि एसआईआर में अनियमितताएं पाई गई है। याचिकाकर्ता ने कहा, "बीएलओ खुद गणना फॉर्म पर हस्ताक्षर करते पाए गए। मृत लोगों को फार्म भरते हुए दिखाया गया और जिन लोगों ने फार्म नहीं भरे थे, उन्हें यह संदेश दिया गया कि उनके फार्म पूरे हो गए हैं।" आरजेडी ने आरोप लगाया, "चुनाव आयोग की ओर से समय पर लक्ष्य को पूरा करने के लिए मतदाताओं की जानकारी या सहमति के बिना बीएलओ की ओर से बड़े पैमाने पर गणना फॉर्म अपलोड किए जा रहे हैं। कई मतदाताओं ने बताया है कि उनके फॉर्म ऑनलाइन जमा कर दिए गए हैं, जबकि उन्होंने कभी किसी बीएलओ से मुलाकात नहीं की और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। एडीआर ने कहा कि मृत व्यक्तियों के भी फॉर्म जमा किए गए हैं।

## ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा ने विभाग के एसई को किया निलंबित

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)।** ऊर्जा मंत्री अरविंद शर्मा ने आज बड़ा एक्शन लिया है। सेवानिवृत्त एडिशनल कमिश्नर बस्ती द्वारा उनके क्षेत्र में सुबह 10 बजे से विद्युत आपूर्ति नहीं होने की शिकायत प्रशान्त सिंह अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मंडल बस्ती से दूरभाष पर की गयी थी। परन्तु प्रशान्त सिंह जो कि बस्ती मंडल में अधीक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत हैं के द्वारा कहा गया कि उन्हें फालतू में मिला रहे हैं, आप अपनी शिकायत 1912 हेल्पलाईन नम्बर पर दर्ज कराये एवं प्रशान्त सिंह द्वारा अपने वार्तालाप में उपभोक्ता से अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। जबकि 1912 हेल्पलाईन पर शिकायत दर्ज कराने के अतिरिक्त उपभोक्ता द्वारा फोन पर की गयी शिकायत को सम्बन्धित अधिकारी द्वारा शीघ्र निस्तारित किये जाने हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। अतः इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई किये जाने का मामला बनता था। इसी पर कार्रवाई करते हुए ऊर्जा मंत्री ने प्रशान्त सिंह पर जांच एवं अनुशासनिक कार्रवाई किए जाने हेतु तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

**▶▶ काम की जगह धमकी देने पर मंत्री ने लिया एक्शन**

# खेत पर गया किसान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल

**भोपा, 27 जुलाई (बु.)।** थानाक्षेत्र के गांव पटोली के जंगल में सनसनीखेज घटना में खेत पर गया किसान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हो गया। काफी देर तक वापिस घर ना लौटने पर उसके भाई ने उसे घायल अवस्था में खेत में पड़े देखा तो मामले की सूचना पुलिस और ग्रामीणों को दी, जिसके बाद भोपा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर आई, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल किसान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर ग्रामीण कई प्रकार की चर्चाएं कर रहे है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव पटोली निवासी आफताब आलम ने रविवार सुबह गांव के ही कुछ मजदूरों को गन्ने के खेत की बंधाई करने के लिए भेजा था। दोपहर को वह काम की स्थिति देखने खेत पर गया था, जब काफी देर तक भी वह घर वापस नहीं लौटा, तो उसके भाई अम्मार ने उसे फोन किया, लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किया, जिस पर अनहोनी की आशंका को देखते हुए अम्मार खेत पर पहुंचा, तो उसे अपने भाई की कराहने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद वह खेत में अंदर पहुंचा, तो देखा कि आफताब आलम गोली लगने से घायल होकर खेत में पड़ा हुआ था। यह देखकर अम्मार के होश उड़ गए और उसने आनन-फानन में मामले की सूचना भोपा पुलिस और ग्रामीणों को दी। घटना की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल किसान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार घायल किसान का एक भाई दुष्कर्म के एक मामले में जेल में बंद है। घटना को लेकर ग्रामीणों में कई प्रकार की चर्चाओं का दौर जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि युवक को गोली लगने की जानकारी मिली थी, उसका उपचार कराया जा रहा है। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, मामले की जांच जारी है।



## हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में भगदड़, 8 की मौत की पुष्टि, मंदिर से 23 सीढ़ी पहले हुआ हादसा

**हरिद्वार, 27 जुलाई (एजेंसी)।** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां 9:15 बजे भगदड़ मच गई। इसमें 8 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 30 लोग घायल हैं। यह मंदिर पहाड़ के ऊपर बना हुआ है और यहां पहुंचने के लिए करीब 800 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। एक चश्मदीद संतोष कुमार ने बताया कि मंदिर पहुंचने के लिए करीब 25 सीढ़ियां बची थीं, तभी हादसा हुआ। रविवार को भीड़ बहुत ज्यादा थी। इस बीच कुछ लोग वहां लगे तार को पकड़कर आगे बढ़े। इस दौरान कुछ तार छिल गए और उनमें करंट आ गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। हरिद्वार पुलिस ने मंदिर में करंट फैलने की बात को अफवाह बताया। गढ़वाल डिवीजन के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि मंदिर में भारी भीड़ जुटने की वजह से हादसा हुआ। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा- मनसा देवी मंदिर में भगदड़ में 30 लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी। इन्हें अस्पताल लाया गया, लेकिन 8 लोगों की मौत हो गई। बाकी का इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- घायलों का इलाज चल रहा है। कुछ को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। हमारी प्राथमिकता है कि उन्हें अच्छा इलाज मिले और वे जल्द ठीक हो जाएं। टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे।



मनसा देवी मंदिर में भगदड़

# शाहपुर के बसी कलां में घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवर एवं नगदी चोरी

**शाहपुर, 27 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के गांव बसीकलां में अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात व नगदी चोरी कर ली। इसके अलावा एक अन्य घटना में अज्ञात चोरों ने एक बैंकट हॉल से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। प्रथम दृष्टया पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है और जांच में जुटी है। निकटवर्ती गांव बसीकलां निवासी डॉ. हारून का कस्बे की बसी रोड पर क्लीनिक है। उन्होंने बताया कि वह गांव में बने अपने घर में ऊपर के हिस्से में रहते हैं। शनिवार की देर शाम उनकी पत्नी नीचे अन्य परिजनों के पास आ गई थी। इसी दौरान अज्ञात चोर उनके मकान के ऊपरी हिस्से में घुस गए और बने कमरे में रखी अलमारी से सोने चांदी के जेवरातों के अलावा करीब एक लाख 20 हजार रुपये की नगदी कर चोरी कर ले गए। चिकित्सक की पत्नी कमरे में पहुंची और देखा कि कमरे में सामान अस्त व्यस्त पड़ा है और अलमारी से जेवरात व नगदी गायब है, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाने के साथ चिकित्सक को घटना की जानकारी दी। चिकित्सक व अन्य परिजन घर पहुंचे और उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। घटना के संबंध में चिकित्सक ने तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस घटना को संदेह की दृष्टि से देख रही है। हालांकि की घटना की जांच की जा रही है। कार्यवाहक थाना प्रभारी अजेंद्र सिंह तेवतिया ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। अन्य कई पहलुओं से भी घटना की जांच की जा रही है। कुटबा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह यादव की टीम मामले की तहकीकात कर रही है। इसके अलावा कस्बे के बसी रोड पर स्थित एक एक बैंकट हॉल में बीती रात अज्ञात चोर ने घुसकर बैंकट हॉल में लगे करीब एक दर्जन पंखे के अलावा जनरेटर का डायनुमा व अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब बैंकट हॉल संचालक गांव पलड़ी निवासी जैनुद्दीन खान बैंकट हॉल पहुंचे, तो उन्हें घटना के बारे में जानकारी मिली। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस बैंकट हॉल से कुछ ही दूरी पर कुटबा पुलिस ने चौकी स्थित है।

**▶▶ बसी रोड पर बैंकट हॉल पर भी चोरों का धावा, पंखे तक उतार ले गए**

## ऊर्जा मंत्री यहां भी कर दो किसी को सस्पेंड, नहीं तो विद्युत विभाग बजवा देगा भाजपा का बैंड

**▶▶ नई मण्डी सहित शहर के आधे इलाकों से बिजली गायब**

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** बिजली विभाग का तमाशा लगातार जारी है और जारी रहेगा और शायद यह तमाशा तब तक जारी रहेगा जब तक मुरादाबाद की तरह किसी मंत्री के स्टेज की बिजली भाषण देते समय न भाग जाए। जी हां यही सच है। पिछले दो वर्षों में विद्युत विभाग ने मुजफ्फरनगर का जो हाल किया हुआ है, नेताओं की लाख कोशिशों के बाद भी सबकुछ बेहाल है। पिछले वर्ष तीन दिन तक नई मण्डी एरिया की बिजली गायब रही थी। रविवार को फिर एक बार न्यू मण्डी बिजली समिति बिजली घर ने तीज के त्यौहार को अंधेरे में मनवाया। एक दो तीन नहीं पूरे छह घंटे तक बिजली गायब रही। बीच में पांच-दस मिनट के लिए आई, दिखावा किया और फिर से गायब हो गयी। बड़ी बात यह है कि विद्युत विभाग के कर्मी अब इतनी धींगामुश्ती पर उतर चुके हैं कि या तो पब्लिक का फोन ही नहीं उठाते और उठाते भी हैं तो उल्टे सीधे जवाब देते हैं। ऐसे में आम जनता फिर सत्ताधारी नेताओं को कोसती दिखाई पड़ती है, मगर कोसने से होता क्या है? अब सबको पता चल चुका है कि किसमें कितना है दम? न पहले यहां नेताओं की सुनवाई थी और न ही अब। फिलहाल तो नगर में हर चीज को लेकर हा-हाकार मचा हुआ है। चाहे जाम की समस्या हो, चाहे वाहनों के चालान की समस्या हो, टूटी फूटी सड़कों की या फिर बिजली-पानी की। कौन सी चीज यहां अच्छी है, कोई एक नेता यह जवाब नहीं दे सकता।




## पीएम मोदी दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बने, 75% अप्रूवल रेटिंग के साथ टॉप पर

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने एक बार फिर अपनी वैश्विक लोकप्रियता साबित करते हुए दुनिया के सबसे पसंदीदा नेता का स्थान हासिल किया है। बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक जुलाई 2025 में कराए गए एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में पीएम मोदी को 75 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। यह रेटिंग उन्हें 20 देशों के शीर्ष नेताओं की सूची में सबसे ऊपर रखती है। इस सर्वे में पीएम मोदी के बाद दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-मयोंग रहे जिन्हें 59 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला। तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली को 57 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली। चौथे स्थान पर कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी (56 प्रतिशत) और पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज (54 प्रतिशत) रहे। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया जबकि 50 प्रतिशत लोगों ने असहमति जताई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को 54 प्रतिशत नकारात्मक रेटिंग मिली। पोलैंड, बेल्जियम और स्विट्जरलैंड जैसे देशों में नेताओं की लोकप्रियता 50 प्रतिशत से भी कम रही। सबसे निचले स्थान पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे रहे, जिन्हें 60 प्रतिशत से अधिक लोगों ने खारिज कर दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि मोदी की लोकप्रियता का कारण उनकी मजबूत अंतरराष्ट्रीय छवि, निर्णय लेने की क्षमता और भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर आधारित स्पष्ट नीतियां हैं। यह रिपोर्ट इस बात का संकेत है कि भारत ने वैश्विक राजनीति में तेजी से उभर रहा।










# अमेरिका- बोइंग विमान में आग, लैंडिंग गियर फेल

## - इमरजेंसी स्लाइडर से बाहर निकले 173 यात्री

**डेनवर, 27 जुलाई (एजेंसी)।** अमेरिका के डेनवर एयरपोर्ट पर शनिवार को बड़ा हादसा होने से टल गया। यूएस एयरलाइंस के 'बोइंग 737 मैक्स 8 विमान' का लैंडिंग गियर फेल होने से टेकऑफ रोकना पड़ा। इसी बीच विमान में आग लग गई। यह विमान मियामी जा रहा था। घटना अमेरिकी के मुताबिक दोपहर 2:45 बजे (भारतीय समयानुसार रात में 2.15 बजे) हुई। विमान में कुल 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स सवार थे। सभी को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। हादसे के बाद 6 लोगों को मामूली चोटें आईं, जिनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और एयरलाइंस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था वह बोइंग कंपनी का ही था। तब का 'बोइंग 787-8 विमान' टेकऑफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। अमेरिकन एयरलाइंस ने पुष्टि की कि विमान के टायर में तकनीकी खराबी थी, जिसकी वजह से इसे सर्विस से हटा लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है। वहीं, फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया। पैसेंजर्स को मियामी ले जाने के लिए एक नया विमान तैयार किया गया है। दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टॉप लागू रहा, जिसकी वजह से 87 उड़ानें प्रभावित हुईं। अब एयरपोर्ट पर सामान्य तरीके से कामकाज शुरू हो चुका है।

# हादसों में हरिद्वार जा रहे दंपती समेत छह की मौत, 13 घायल

**सरसावा/खेड़ा अफगान(सहारनपुर), 27 जुलाई (एजेंसी)।** दो अलग-अलग सड़क हादसों में दंपती समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। तीन मृतक और पांच घायल हरियाणा के करनाल जिले के रहने वाले हैं। वहीं, तीन अन्य मृतक और आठ घायल मध्यप्रदेश के गुना जिले के निवासी हैं। पहला हादसा सरसावा में शनिवार तड़के नेशनल हाईवे पर गांव कुम्हारहेड़ा के पास हुआ। मध्य प्रदेश के गुना जिले का रहने वाला एक परिवार फोर्स गाड़ी में मां वैष्णो देवी के दर्शन कर हरिद्वार जा रहा था। कुम्हारहेड़ा के पास खड़े ट्रक में गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने पुलिस को फोन किया। इसके बाद पुलिस ने गाड़ी में फंसे घायलों को बाहर निकाला। हादसे में पवन (40), उनकी पत्नी रुक्मिणी (32) और हरिनारायण पटेल (55) निवासी देहरी थाना कुंभराज जिला गुना मध्य प्रदेश की मौके पर मौत हो गई। वहीं, निरंजन (38), उनकी पत्नी रेखा (36), विमला (45), लक्ष्मण (38), उनकी पत्नी रचना (30), दशरथ (50), उनकी पत्नी कृष्णा (45), सुनील (28) घायल हुए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



दूसरा हादसा नकुड़ थाना क्षेत्र के खेड़ा अफगान में पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार देर रात हुआ। करनाल से हरिद्वार जाते समय कार की टक्कर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो गई। इसमें तीन लोगों की मौत हुई है, जिनकी पहचान रिंकू उर्फ हरविंद्र (40), मोतीपाल (60) और पृथ्वी निवासी गांव कुलवेड़ी थाना कुंजपुरा जिला करनाल हरियाणा के रूप में हुई है। बृजपाल, सुनील, सुभाष, रामचंद्र और रवि घायल हुए। सभी ने मिलकर कांवड़ यात्रा के दौरान करनाल हाईवे पर शिविर लगाया था। शिविर का हिसाब-किताब करने के बाद शुक्रवार देर शाम सभी लोग हरिद्वार स्नान करने के लिए चले थे। तभी यह हादसा हो गया।

# एक अलग कहानी, भक्त का दावा, भगवान कृष्ण की मूर्ति में चल रही है दिल की धड़कन



**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)।** एक वीडियो ने इंटरनेट पर खूब सुर्खियाँ बटोरी हैं और कई दर्शकों को पूरी तरह से हैरान कर दिया है। इसमें एक मंदिर के अंदर का अजीबोगरीब दृश्य दिखाया गया है जहाँ एक डॉक्टर एक देवता की मूर्ति की धड़कन जाँच रहा है। जी हाँ, आपने सही पढ़ा। इस पल ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। खबरों के अनुसार, यह पूरा मामला तब शुरू हुआ जब एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मौजूद एक श्रद्धालु ने दावा किया कि उसने मूर्ति से दिल की धड़कन सुनी। यह अनुष्ठान प्राण प्रतिष्ठा नामक एक पारंपरिक समारोह था। इसके बाद जो हुआ उससे वहाँ मौजूद सभी लोग स्तब्ध रह गए। बताया जा रहा है कि यह पुष्टि करने के लिए एक डॉक्टर को बुलाया गया कि क्या वाकई दिल की धड़कन सुनाई दी थी। क्लिप में, एक आदमी, जो संभवतः एक डॉक्टर है, मूर्ति की आवाज ध्यान से सुनने के लिए स्टेथोस्कोप लेकर झुका हुआ दिखाई दे रहा है। इसके तुरंत बाद, एक और आदमी आगे आता है और वही क्रिया दोहराता है। उनके चारों ओर कुछ लोग प्रार्थना कर रहे हैं और शंख की ध्वनि भी सुनाई दे रही है। हालांकि यह वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है और लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं। कुछ लोग हैरान हैं, तो कुछ व्यंग्यात्मक या मजेदार टिप्पणियाँ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, "उम्मीद है डॉक्टर ने भक्त की भी जाँच की होगी।" एक अन्य यूजर ने लिखा, "मुझे अपना स्क्रीनटाइम कम करना होगा।

# गाजीपुर में ट्रिपल मर्डर से हड़कंप, बेटे ने माता-पिता और बहन को कुल्हाड़ी से काटा

गाजीपुर, 27 जुलाई (एजेंसी)। गाजीपुर में रविवार को ट्रिपल मर्डर से हडकंप मच गया। जमीन विवाद को लेकर बेटे ने अपनी मां, पिता और बहन की धारदार हथियार से हत्या कर दी। यह घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के डिलिया गांव की है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। शिवराम यादव (65), उनकी पत्नी जमुनी देवी (60) और बेटी कुसुम देवी (36) की उनके बेटे अभय यादव (40) ने हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर और अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक इरज राजा ने मीडिया को बताया आरोपी अभय यादव की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया। मौके पर फील्ड यूनिट और अन्य टीमें मौजूद हैं। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी ने मीडिया को यह भी बताया कि अभय यादव अपने पिता से इस बात को लेकर के नाराज था कि उसके पिता ने उसकी बहन के नाम पर भी कुछ संपत्ति खरीदी थी। दोनों के बीच इस बात को लेकर रिश्ते तल्ख थे। रविवार को दोनों के बीच इसी बात को लेकर बहस हुई। बहस इतनी बढ़ी कि अभय ने अपने माता पिता और बहन की हत्या कर दी।

## ---- चौथा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त ----

# गिल-जडेजा और सुंदर के शतकों ने भारत को पारी की हार के संकट से निकाला




**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)।** शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की शतकीय पारियों के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए चौथे टेस्ट मैच के ड्रॉ करा लिया। इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारियों के दम पर 358 रन बनाए थे। पहली पारी में इंग्लैंड ने 10 विकेट पर 669 रन बनाए और 311 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 425 रन बनाए और मैच ड्रॉ पर समाप्त कर दिया। इंग्लैंड अब भी पांच मैचों की इस सीरीज में 1-2 से आगे है। मौजूदा सीरीज का आखिरी मुकाबला 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा।

पांचवें दिन भारत की दूसरी पारी दो विकेट पर 174 के स्कोर से शुरू हुई। उस वक्त टीम इंडिया इंग्लैंड से 137 रन पीछे थी और क्रीज पर शुभमन गिल और केएल राहुल मौजूद थे। पहले सत्र में भारत को 188 रन के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। बेन स्टोक्स ने केएल राहुल को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह वह 230 गेंदों में 90 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए गिल के साथ 421 गेंदों में 188 रन की साझेदारी निभाई। इस तरह केएल राहुल और शुभमन गिल ने इंग्लैंड में किसी भी भारतीय जोड़ी द्वारा एक टेस्ट में सबसे ज्यादा गेंदें खेलने का रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड संजय बांगर और राहुल द्रविड़ (405) के नाम था, जो उन्होंने 2002 में लीड्स में बनाया था। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए वाशिंगटन सुंदर ने शुभमन गिल के साथ 34 रनों की साझेदारी निभाई। इस दौरान कप्तान गिल ने 238 गेंदों में 103 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 12 चौके निकले। गिल ने 228 गेंदों में मौजूदा सीरीज में चौथा शतक पूरा किया। यह उनके टेस्ट करियर का नौवां सैकड़ा भी है। इसी के साथ गिल ने ब्रैडमैन की बराबरी कर ली। बतौर कप्तान किसी सीरीज में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड ब्रैडमैन के नाम दर्ज है। उन्होंने 1947 में भारत के खिलाफ चार शतक जड़े थे। गिल को आर्चर ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर को रवींद्र जडेजा का साथ मिला। दोनों ने आखिरी दम तक भारत की पारी को संभाला और न सिर्फ भारत पर मंडराए पारी से हार के संकट को टाला बल्कि मैच ड्रॉ भी कराया। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 334 गेंदों में 203 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। इस दौरान जडेजा ने 182 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का पांचवां शतक पूरा किया जबकि सुंदर ने 206 गेंदों में अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। दोनों क्रमशः 107 और 101 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत की दूसरी पारी में झटकों के साथ शुरूआत हुई थी। क्रिस वोक्स ने पारी की शुरूआत के साथ यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन को अपना शिकार बनाया। दोनों बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल पाए थे। भारत की दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने दो विकेट लिए जबकि जोफ्रा आर्चर और बेन स्टोक्स को एक-एक सफलता मिली।



# 1000 किलो चांदी के झूले पर विराजे बांके बिहारी

**मथुरा, 27 जुलाई (एजेंसी)।** मथुरा में हरियाली तीज धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। बांके बिहारी मंदिर में भगवान बांके बिहारी 10 किलो सोने और 1000 किलो चांदी से बने झूले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 3 किलोमीटर पहले ही गाड़ियां रोकी जा रही हैं। वहां से ई-रिक्शा और ई-कार्ट की व्यवस्था की गई है, हालांकि ये पर्याप्त नहीं हैं। बांके बिहारी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची हैं, जो भगवान को रिझाने के लिए भजन गा रही हैं। आज करीब 5 लाख भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। शाम को, दक्षिण भारतीय शैली के रंगनाथ मंदिर में भगवान गोदा रंगमन्नार चांदी के झूले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। बांके बिहारी मंदिर में हरियाली तीज पर साल में एक बार झूला डाला जाता है। यहां भगवान बांके बिहारी गर्भगृह से निकलकर आंगन में लगे झूले में विराजमान होते हैं।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98,700 | चांदी- | 114000 |
| सिक्का- | 1280 | गिन्नी- | 72520 |

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 28 जुलाई, 2025**

मेष- सद्विचारों का उदय, लाभ का मार्ग प्रशस्त, नौकरी पदोन्नति विषयक मसला हल, विशिष्टजनों से सम्पर्क, धर्म अध्यात्म में आस्था, राजनैतिक कार्यों में रुचि।

वृषभ- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, जिन्दगी में नवीन उपस्थित, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि।

मिथुन- कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पन्न, उच्चाधि-कारियों से सम्पर्क, मित्रों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, धर्म-कर्म में आस्था।

कर्क- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, व्यक्ति विशेष से हानि, सुख-सुविधा का अभाव, मित्रों से मतभेद, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना का आशंका, मानसिक तनाव।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, योजना फलीभूत, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, यात्रा-प्रसंग।

कन्या- विविध पक्षों में अनुकूलता, समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पठन-पाठन में रुचि, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, धार्मिक स्थलों की यात्रा।

तुला- नवीन योजना का श्री गणेश, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, आत्मिक शान्ति।

वृश्चिक- गृहस्थिति विपरीत, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, ताल-मेल का अभाव, बात-बात पर क्रोध, घरेलू समस्याओं से अशांति, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक।

धनु- स्वास्थ्य अनुकूल, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, भोग-विलासिता की ओर सम्मान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, यात्रा संतोषजनक, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता।

मकर- आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, शुभ-भावनाओं का उदय, आत्मीयजनों से मधुरता, आत्मिक शांति, आनन्द की अनुभूति, सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सफल।

कुम्भ- विचारित कार्यों में प्रगति, विवाद का समापन, मित्रों से विचार विनिमय, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, मान सम्मान का सुयोग, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।

मीन- योजना की पूर्ति में बाधा, आरोग्य सुख में कमी, लाभ का मार्ग में अड़चन, पठन-पाठन में अरुचि, सुख शांति का अभाव, विचारों में उग्रता, क्रोध की अधिकता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# उत्तर प्रदेश में 66 पीसीएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ, 27 जुलाई (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुये रविवार को एक साथ 66 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। सरकार की ओर से रविवार को तबादले की सूची जारी की गई। इससे पहले भी योगी सरकार ने कुछ दिनों पहले बड़े पैमाने पर तबादले किए थे। सरकार की ओर से जारी किए गए आदेश के अनुसार मुख्यतौर पर श्रद्धा पांडेय को सहायक नगर आयुक्त आगरा, प्रदुम्न कुमार को एसडीएम कानपुर देहात, जय प्रकाश यादव को सहायक नगर आयुक्त सहारनपुर की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि इससे पहले 22 जुलाई को नौ वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया गया था । अरविंद मिश्रा को सूचना निदेशालय में नया अपर निदेशक बनाया गया था जबकि अलका वर्मा को निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बनाया गया था। गौरव रंजन श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में उप सचिव की ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी जबकि अमित कुमार द्वितीय को एडीएम बहराइच और महेंद्र पाल सिंह को एडीएम नगर पूर्वी लखनऊ बनाया गया था। मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना की एसडीएम मोनालिसा जौहरी को बहराइच भेजा गया है। अविनाश चंद्र मौर्य को अपर जिलाधिकारी औरैया और नरेंद्र सिंह को उपनिदेशक मंडी परिषद उत्तर प्रदेश की ज़िम्मेदारी मिली थी।




मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना की एसडीएम मोनालिसा जौहरी को बहराइच भेजा गया।

# पाकिस्तानी पासपोर्ट को मिला नीचे से चौथा स्थान, यमन और सोमालिया के साथ मिली जगह



**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)।** दुनिया में हर देश के नागरिकों को विदेश यात्रा के लिए अलग-अलग वीजा सुविधाएं मिलती हैं। इन्हीं सुविधाओं को लेकर एक रिपोर्ट जारी करता है, जिसमें बताया जाता है कि किस देश का पासपोर्ट कितना ताकतवर है। इस रिपोर्ट में जितनी जगहों पर बिना वीजा के जाया जा सकता है, उतना ही वह पासपोर्ट मजबूत माना जाता है। 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान का पासपोर्ट दुनिया के सबसे कमजोर पासपोर्ट्स में शामिल हो गया है। पाकिस्तान के पासपोर्ट से सिर्फ 32 देशों में ही बिना वीजा के यात्रा की जा सकती है। हालांकि, पाकिस्तान की रैंकिंग थोड़ी जरूर सुधरी है और अब वो 96वें स्थान पर आ गया है। 2024 की रिपोर्ट में पाकिस्तान का पासपोर्ट यमन के साथ मिलकर चौथे सबसे कमजोर पासपोर्ट के रूप में दर्ज था। 2025 में यह थोड़ा ऊपर आया है, लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक है। यह इंडेक्स 199 पासपोर्ट और 227 देशों की यात्रा की सुविधाओं का विश्लेषण करता है। इसमें देखा जाता है कि किसी पासपोर्ट पर कितने देशों में बिना वीजा, वीजा ऑन अराइवल, ई-वीजा या ट्रैवल परमिट से यात्रा की जा सकती है।

# पीएम मोदी के मन की बात के पूरे हुए 124 एपिसोड, विरासत और नवाचार का दिया संदेश



**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 124वां एपिसोड देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा से लेकर भारत के ओलंपिक प्रदर्शन, मराठा किलों को वैश्विक धरोहर में शामिल किए जाने, स्टार्टअप्स की ताकत और अगस्त महीने की ऐतिहासिक क्रांति की यादों तक पर विस्तार से बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की सफल वापसी पर पूरा देश भावुक और गर्वित है। उन्होंने शुभांशु की उपलब्धियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बताया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के खिलाड़ी ओलंपिक जैसे बड़े मंचों पर दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रगति को खेल संस्कृति के विकास और युवाओं की मेहनत का परिणाम बताया। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश में 200 से अधिक स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं से वोकल फॉर लोकल अभियान में भाग लेने की अपील की और भारत को नवाचार की शक्ति बताया।

# आकस्मिक बैठक आयोजित की गई

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)।** आज विश्वकर्मा मंदिर सभा, रामपुरी पर एक आकस्मिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य जगदीश पांचाल पर एक व्यापारी श्रीपाल जैन द्वारा भूमाफिया होंने का आरोप लगाए जाने पर रोष प्रकट किया। सभा के अध्यक्ष मुकेश धीमान ने कहा कि जगदीश पांचाल द्वारा श्रीपाल जैन के सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा करने के प्रयास को निष्फल किए गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता पर झूठे आरोप लगाया जाना पार्टी की छवि को भी धूमिल करने का प्रयास है। उक्त व्यापारी की दबंगई से परेशान होकर मार्किट के दो अन्य व्यापारी अपने प्रतिष्ठान को बेचकर चले गए हैं। उक्त व्यापारी असामाजिक है। बेबुनियाद एवं निराधार आरोपों के साथ उक्त व्यापारी जिला प्रशासन को भी गुमराह कर रहा है। श्री विश्वकर्मा सभा जिला प्रशासन से इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करती है और यदि जगदीश पांचाल पर लगाए गए आरोप निराधार पाए जाते हैं, तो उक्त व्यापारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। उक्त घटना से विश्वकर्मा समाज में बड़ा आक्रोश है।

# एसडीएम ने सरकारी भूमि से हटवाया अवैध कब्जा

**बुढ़ाना , 27 जुलाई (बु.)।** एसडीएम मोनालिसा जौहरी को जन सुनवाई के दौरान शिकायत मिली कि बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के ग्राम जोला में खसरा नंबर 1486 रकबा 0.1000 खसरा नंबर 2151 रकबा 0.7486 है जो कि राजस्व अभिलेखों में सरकारी रास्ते के रूप में दर्ज है। उक्त रास्ता ग्राम जोला से ग्राम विज्ञाना की ओर जाता है। रास्ते के उत्तर में पूर्व से ही पूरे ग्राम के पानी की निकासी के लिए नाला बना हुआ था। उक्त नाले को ग्राम जोला के नौशाद, तसव्वर, अशफाक पुत्रगण आस मोहम्मद द्वारा अवैध अतिक्रमण कर नाले पर मिट्टी डालकर बंद कर अवैध कब्जा कर लिया था। जिस कारण ग्राम में पानी निकासी की समस्या हो रही थी और ग्राम में गंदा पानी भर रहा था। ग्रामीणों को निकलने में परेशानी हो रही थी। एसडीएम ने शिकायत का त्वरित संज्ञान लेकर तत्काल ही मौके पर राजस्व टीम भेजी। टीम ने मौके पर पैमाइश की। पैमाइश में स्पष्ट हुआ कि सरकारी भूमि पर बने नाले पर भू मफियाओं द्वारा कब्जा किया हुआ है। एसडीएम ने तत्काल मौके पर जेसीबी मंगवाकर उक्त नाले को खुदवाया और अवैध कब्जा हटवा दिया जिससे पानी की निकासी हो सके और ग्रामीणों की समस्या का त्वरित ही समाधान कर दिया। एसडीएम ने अवैध कब्जेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा किसी ने भी सरकारी भूमि पर कब्जा किया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों की समस्या का त्वरित समाधान होते ही ग्रामीणों ने एसडीएम की कार्यशैली की प्रशंसा कर कहा कि एसडीएम हर एक व्यक्ति की समस्या का त्वरित संज्ञान लेती हैं।

# ड्रोन उड़ने की अफवाह पर ग्रामीण आर-पार को तैयार

## - रात्रि में ड्रोन देखे जाने की अफवाह पर ग्रामीण लाठी डंडे लेकर पूरे अलर्ट मोड पर दिखाई दिए





**कैराना, 27 जुलाई (बु.)।** रात में ड्रोन उड़ने की अफवाह से ग्रामीणों दहशत में है, जिस कारण ग्रामीण रात भर जागकर गांव में पहरा दे रहे हैं। गांव ईस्सोपुर खुरगान में पिछले कई दिनों से रात के समय गांव के ऊपर ड्रोन रूपी चीज उड़ती दिखाई दी, जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। गांव के बुजुर्ग व युवा गांव में पहरा देने का काम कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि ड्रोन उड़ाकर उनके गांव के मकानों के आने-जाने के रास्तों व ग्रामीणों के सोने व जागने की जानकारी की जा रही है। अभी तक चोरी जैसी कोई घटना नहीं घटी है, लेकिन फिर भी उनके अंदर डर बना हुआ है। रात के समय गांव के ऊपर रंग बिरंगी लाईटों के साथ कोई चीज उड़ती देखी जा रही है। पहले तो लगाता है कि हवाई जहाज होगा, लेकिन जैसे ही वे उसका पीछा करते है, तो ड्रोन जंगल की ओर चला जाता है तथा फिर दिखाई नहीं देता। दो दिन पहले उनके गांव के दूसरे हिस्से में संदिग्ध लोगों के खड़े होने की सूचना मिली थी। ग्रामीणों ने उक्त लोगों के ऊपर टॉर्च मारकर देखा तो संदिग्ध लोग दिखाई दिए, टॉर्च की रोशनी पड़ने पर वे वहां से भाग गए। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गांव में पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह से जब गांवों में ड्रोन उड़ने की घटना के बारे में जानकारी की गई, तो उन्होंने कहा कि ड्रोन उड़ने जैसी सब अफवाह है। कहीं पर उन्हें किसी तरह के ड्रोन दिखाई नहीं दिए।





# गांव राजपुर कलां में दो दिवसीय दंगल का आयोजन किया

**जानसठ, 27 जुलाई (बु.)।** क्षेत्र के गांव राजपुर कलां में दो दिवसीय बलिदानी लांस नायक ललित चौधरी विराट कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि कुश्ती एवं दंगल हमारी प्राचीन खेल पद्धति से जुड़े हैं, गांव की मिट्टी प्रतिभाओं को निखार रही है। सरकार भी युवाओं की सुविधाओं के लिए बेहतर प्रयास कर रही है। रविवार को गांव राजपुर कलां में दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एक दर्जन से अधिक प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। गांव की मिट्टी में ही लड़ी जाने वाली कुश्ती असली कुश्ती होती है। गांव की कुश्ती के मैदान से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रदेश व केंद्र सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करती है। जिले व ग्रामीण स्तर पर भी स्टेडियम बनाकर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने देश-विदेश से मेडल जीतकर आए खिलाड़ियों को नौकरी देने का काम भी किया है। इस दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने गांव में पिछले 50 वर्षों से हो रहे दंगल को देखते हुए यहां पर एक स्टेडियम बनवाने के प्रयास करने को भी कहा। इस दौरान दंगल में 71 सौ रुपये की कुश्ती पहलवान मंशा गढ मीरपुर व सावेज के बीच हुई, जिसमें सावेज ने कुश्ती जीती। इसके अलावा 15 सौ रुपये की कुश्ती वंशिका बसेड़ा व रिया मेरठ के बीच हुई, जिसमें रिया ने कुश्ती जीती। दंगल में सोमवार को फाइनल में जीतने वाले पहलवान को मोटरसाइकिल देकर सम्मानित किया जाएगा। दंगल में रेफरी पहलवान देवेंद्र चौधरी रहे। इस दौरान दंगल के संयोजक भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक काकरान, पूर्व ग्राम प्रधान मनफोड़ा रविंद्र, शुभम आर्य, टिकौला शुगर मिल से अनुपम, अध्यक्ष रतन पहलवान, बलविंदर प्रधान तिलोरा, अशोक मास्टर, भूषण सिंह, मनोज सिंह, विनय चौधरी, नितिन चौधरी, विशाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

# शाहपुर में ऑल इंडिया सैनी सभा की विशाल बैठक आयोजित



**शाहपुर, 27 जुलाई (बु.)।** कस्बे में आयोजित उत्तर प्रदेश ऑल इंडिया सैनी सभा की विशाल बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के साथ संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। कस्बे में बसी रोड स्थित गौरव हॉस्पिटल में आयोजित उत्तर प्रदेश ऑल इंडिया सैनी सभा की बैठक में मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय महासचिव विनय सैनी ने कहा कि संगठन समाज के हितों के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सैनी ने कहा संगठन अभियान चलाकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का कार्य करने के साथ युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि समाज को विकास की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ाने के लिए सभी को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध होना पड़ेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। बैठक में डॉ. चंद्रपाल सिंह सैनी को सहारनपुर, डॉ. राजकुमार सैनी को शामली, त्रिलोक सैनी को गाजियाबाद, राजपाल सैनी को अमरोहा व अमित सैनी को मुजफ्फरनगर का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश महासचिव अवनीश सैनी ने सैनी सभा के संगठन को मजबूत और पूरे प्रदेश में विस्तारित किए जाने की रूपरेखा रखी। राष्ट्रीय महासचिव विनय सैनी ने बताया कि 23 व 24 अगस्त को सहारनपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिवेशन को आयोजित करने की जिम्मेदारी प्रदेश सैनी सभा को दी गई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन-पत्र दिए गए। बैठक को अशोक कुमार सैनी, डॉ. बलवीर सिंह सैनी, विनोद सैनी, श्यामवीर सिंह सैनी व डॉ. शीशपाल सैनी आदि ने संबोधित किया। बैठक में डॉ. सतीश सैनी, डॉ. गौरव सैनी, धन कुमार सैनी, मास्टर मांगेराम सैनी, घसीटू सैनी, डॉ. दिनेश सैनी व मास्टर विनोद सैनी आदि सहित संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर बलिदान सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



**खतौली, 27 जुलाई (बु.)।** आर्य समाज शिवपुरी में कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर बलिदान सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर आर्य समाज के जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने बताया कि कारगिल के युद्ध में हमारे अनेक वीर नौजवान सैनिकों ने अपनी वीरता का परिचय दिया और पहाड़ पर सीधी चढ़ाई करके ऊपर बैठे हुए दुश्मन की फौज को मार भगाया था। वीर सैनिकों ने अपने-अपने प्राणों की परवाह नहीं करते हुए देश के लिए अपूर्व बलिदान दिया था। गौरव की बात यह है कि उस युद्ध में अपने क्षेत्र के एक वीर सैनिक सतीश कुमार ने भी राष्ट्र के लिए अपनी आहुति दी थी। गांव फुलत में बलिदानी सतीश कुमार की बहुत सुंदर समाधि बनी हुई है, जब सतीश कुमार का शव सैनिक लेकर के गांव फुलत में उनके घर पहुंचे थे, तो उस समय मैं वहां उपस्थित था। हजारों लोगों की आंखें नम थी और हर स्त्री-पुरुष, युवक, बालक सब शहीद सतीश के दर्शन करना चाहते थे। बहुत मुश्किल से हमने उनके परिवार को संभाला था। शहीदों की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ किया गया। यज्ञ के पश्चात ईश्वर से हाथ जोड़कर प्रार्थना की गई कि सभी शहीदों को वे चिर शांति दे, और परिवार में सुख शांति प्रदान करें। इस अवसर पर प्रधान जगदीश सिंह, भगवान सिंह, धीरेंद्र सिंह, सुरेश फौजी, अजय अरोड़ा, राजेंद्र सिंह, शोभाराम आर्य, दीपक कुमार, रामानंद आर्य, सुशील आर्य, डीडी आर्य, रण सिंह आर्य, मास्टर जयपाल सिंह, चरण सिंह आर्य आदि लोग उपस्थित रहे। यज्ञ पुरोहित रामदेव शास्त्री एवं अजेश शास्त्री ने कराया।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## तमिलनाडु की सियासत और भाजपा

तमिलनाडु में भाजपा कई कोशिशों के बाद भी अपना जनाधार सत्ता योग्य नहीं बना पायी, लेकिन भाजपा का वोट शेयर तमिलनाडु में बढ़ा है। तमिलनाडु की सियासत में भाजपा जो जगह तलाश रही है, वह उसे नहीं मिली है। प्रधानमन्त्री तमिलनाडु को लेकर गंभीर रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु, भाजपा को राज्यस्तरीय दल का विकल्प मानने के लिये गंभीर नहीं रहा। यह अलग बात है और विशेष है कि अभी हाल ही में हुए प्रधानमन्त्री की लोकप्रियता के सर्वे में तमिलनाडु के लोगों ने उन्हें खुल कर मत दिया, पूरे देश ने प्रधानमन्त्री की लोकप्रियता पर खुल कर मत दिया, जिससे प्रधानमन्त्री लोकप्रियता के मामले में विश्व के नेताओं में नम्बर वन आये हैं, इस सूची में ट्रम्प दसवें नम्बर पर हैं। प्रधानमन्त्री, तमिलनाडु को लेकर गंभीर हैं, तो तमिलनाडु भी प्रधानमन्त्री को लेकर गंभीर है, लेकिन भाजपा को तमिलनाडु की राजनीति में जगह बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ रहा है, इस बार भाजपा का गणित उसे सत्ता तक पहुंचा सकता है। 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा जनाधार बढ़ाने के लिये प्रयास कर रही है। लगभग दो साल की कड़वी जुदाई के बाद भाजपा और एआईएडीएमके साथ-साथ आये हैं। यह गठबंधन केवल चुनावी गणित नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीतिक दिशा को बदलने की कोशिश मानी जा रही है। अब चर्चा यही हो रही है कि क्या 'दो पत्तियों' के सहारे भाजपा का 'कमल' तमिल भूमि पर खिल सकेगा? दो पत्ती एआईएडीएमके का चुनाव निशान है। सियासी जानकार दो पत्ती और कमल के गठबंधन को एक अजेय गठजोड़ के रूप में भी मान कर चल रहे हैं। उनके गणित से भाजपा का वोट शेयर 18 प्रतिशत और एआइएडीएमके का 25 प्रतिशत अपने आप 43 प्रतिशत तक पहुंचता है। इसमें अगर 7-8 प्रतिशत एंटी-डीएमके वोट जुड़ जाएं, तो ये गठबंधन स्पष्ट रूप से विजयी हो सकता है। दोनों दलों के नेताओं के सुर इस बार संयमित हैं। मतभेदों के बाद बनी यह सहमति एक रणनीतिक कदम तो है, लेकिन इसमें सियासी मजबूरियां भी छिपी हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने दम पर दोनों पार्टियों का प्रदर्शन खास नहीं रहा था। इसलिए, सत्ता में वापसी के लिये मिलकर चलने का मंत्र अपनाया गया है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु को लेकर गंभीर हैं। वे मालदीव से सीधे तमिलनाडु ही आये हैं। प्रधानमन्त्री ने तमिलनाडु दौरे पर कहा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो भारत उसे उसी की भाषा में जवाब देना जानता है। इस ऑपरेशन ने साफ कर दिया है कि अब भारत के दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए दुनिया में कोई जगह सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत के दुश्मनों के लिए,आतंकवादियों के लिए कोई पनाहगाह नहीं है, जब मैं हेलीपैड से यहां आया तो तीन-चार किलोमीटर की दूरी अचानक एक रोड शो में बदल गई और हर कोई ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति और एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का अहसास होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि चोल काल में भारत ने जो आर्थिक और सैन्य ऊंचाइयां हासिल कीं, वे आज भी हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने प्राचीन भारत के राजाओं की दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध बृहदेश्वर मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि भगवान बृहदेश्वर के चरणों में पूजा करने का सौभाग्य मुझे मिला। मैंने 140 करोड़ देशवासियों की भलाई और भारत की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की है। मेरी कामना है कि सभी को भगवान शिव का आशीर्वाद मिले। यह मंदिर चोल वंश की स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण है और पीएम मोदी की यह यात्रा भारत की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का प्रतीक मानी जा रही है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आज काशी से गंगाजल एक बार फिर यहां लाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं काशी का जनप्रतिनिधि हूं और मेरा मां गंगा से विशेष जुड़ाव है। प्रधानमन्त्री ने कहा कि चोल राजाओं के कार्य और उनसे जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं एक भारत, श्रेष्ठ भारत के महायज्ञ को नई ऊर्जा नई शक्ति और नया उत्साह देती हैं। उन्होंने चोल सम्राटों की विरासत को भारत की एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया। कल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि थी। राजेंद्र चोल प्रथम और कलाम दोनों ही तमिलनाडु से बहुत गहराई से जुड़े हुए थे। पीएम मोदी, एक तरफ राजा राजेन्द्र चोल की सहस्राब्दी समारोह में हिस्सा ले रहे थे, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने डॉक्टर कलाम को भी याद किया। कल ही आड़ी थिरूवादिरयी का दिन भी था, जिसका तमिल कल्चर में खासा महत्व है। संसद में सेंगोल की स्थापना, तमिल काशी संगम, विदेशी जमीन पर तमिल भाषा का प्रमोशन यह सब प्रधानमन्त्री की तमिलनाडु को लेकर गंभीरता को प्रकट करते हैं। माना जा रहा है कि पीएम मोदी की इन कोशिशों का सियासी लाभ भाजपा को मिल सकता है। पीएम मोदी अपने तमिलनाडु दौरे पर विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करके ये मैसेज दे रहे हैं कि केंद्र का पूरा ध्यान तमिलनाडु की तरफ है और वह उसके विकास को लेकर काम करने के लिए उत्सुक है। यह स्थानीय मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है, जो डीएमके और एआईएडीएमके के द्रविड़ियन मॉडल के विकल्प की तलाश में हैं। पीएम मोदी ने अपने दौरे में तमिलनाडु को श्रीराम की पावन धरती के रूप में संबोधित किया और रामनवमी पर पंबन ब्रिज के उद्घाटन जैसे कदमों से हिंदू आस्था को जोड़ा। पीएम मोदी के दौरे से बीजेपी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता है, जैसा कि तमिलनाडु बीजेपी अध्यक्ष नैनार नागेंथिरन और के.अन्नामलाई ने अपने बयानों में जाहिर किया। तमिलनाडु की सियासत डीएमके और एआईएडीएमके के इर्द-गिर्द रही है, लेकिन बीजेपी विकास और राष्ट्रीय एकता के एजेंडे को सामने रखकर द्रविड़ियन मॉडल को चुनौती दे रही है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'पसन्द' 'वक़्त' 'माँ' 'बेटी'

हमको पसन्द हो या न पसन्द हो, लेकिन सुनना पड़ता है,<br>वक़्त की सुई,अपनी कहानी सबको सुनाती जाती है।<br>एक तरफ हम बेटी बचाओ कहते हैं और दूजी तरफ,<br>माँ की मजदूरी में बेटी हाथ बंटाती जाती है।







# दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन में हुआ सम्मान

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** दी गुड खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेन्ट एसोसिएशन की ओर से कांवड़ यात्रा मेला निर्विघ्न संपन्न कराने पर प्रशासन एवं पालिका चेयरपर्सन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालन राजेंद्र सिंघल ने किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि प्रशासन और नगर पालिका चेयरपर्सन ने पूरी मुस्तैदी के साथ जिले में कार्य किया है। फिर वो चाहे सुरक्षा व्यवस्था हो अथवा पेयजलापूर्ति या सफाई व्यवस्था रही हो, सभी ने मिलकर बहुत अच्छी व्यवस्था की। ऐसे में जनपद से निकलकर जाने वाले हर कांवड़ियां ने यहां की व्यवस्था की प्रशंसा की, जो वास्तव में हम सबके लिए गर्व की बात है। नवीन मंडी स्थल कूकड़ा में आयोजित सम्मान समारोह में अधिकांश वक्ताओं ने कांवड़ यात्रा मेले के निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न होने पर पुलिस प्रशासन के साथ पालिका प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि ऐसे आयोजन को जन सहयोग से और बेहतर किया जा सकता है। इस दौरान पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, उद्यमी एवं समाजसेवी भीम कंसल द्वारा किए गए ऐसे आयोजन में दिए सहयोग की सभी ने सराहना की। पूर्व विधायक अशोक कंसल ने कहा कि जिला प्रशासन की मुस्तैदी से अराजक तत्व कांवड़ मेले में जनपद से पकड़े गए नहीं तो कोई भी अप्रिय घटना हो सकती थी। यह जिला पुलिस प्रशासन के बेहतर प्रयास हैं, जिनके लिए उनका सम्मान होना चाहिए। मंडी सीओ रूपाली राव ने भी प्रशासन व पुलिस टीम का सम्मान करने पर व्यापारियों को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि पुलिस हर समय आपके साथ खड़ी है जब भी कोई भी कार्य हो आप आकर सीधे मिल सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरिशंकर मूंदड़ा, हरिशंकर तायल, सुरेंद्र बंसल, राजेश गोयल, अंकित गर्ग, संदीप सिंगल, अमरेश कुमार, नितिन सिंघल, विजय कुमार, प्रमोद मित्तल, अशोक बाटला, महेश चौहान, अरविंद गोयल, अनिल गोयल, शिवरतन सिंघल, अजय कुमार, अनुज कुमार, श्याम सिंह सैनी, कृष्ण चंद्र मूंदड़ा, दिनेश कुमार, धर्मेन्द्र मुखिया, विवेक गर्ग, राजेश किन्नू, मनोज गोयल, अमित जैन, तुषार गर्ग, मोहन लाल, विवेक कुमार, दिनेश बंसल आदि व्यापारी मौजूद रहे।





# धूमधाम से मनाया अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा ने तीज उत्सव

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा मुजफ्फरनगर की महिला इकाई द्वारा तीज महोत्सव बैंकट हॉल में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करते हुए किया गया, जिसका संचालन शुभा अग्रवाल और अतिथियों का स्वागत सभा अध्यक्षा नीलिमा अग्रवाल व कोषाध्यक्ष स्नेह गर्ग ने किया। हरियाली तीज पर ओल्ड इज गोल्ड थीम पर आयोजित किए कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा सुंदर नृत्य करके समा बांध दिया गया। तीज के कार्यक्रम का आयोजन 60 से 70 के दशक के पुराने गानों पर किया गया। हरियाली तीज पर महिलाओं ने झूला झूल कर हरियाली तीज के गीत गाने के साथ नृत्य भी किया। इस दौरान प्रतिभाग करने वाली सभी महिलाओं को गिफ्ट दिए गए। हरियाली तीज को भव्य बनाने में मुख्य रूप से नीलम अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, स्नेहा गर्ग, अंजू अग्रवाल पूर्व चेयरमैन, प्रिया माहेश्वरी, गीता मित्तल, राधा गर्ग, अचला बिंदल, मधु गर्ग, साधना गर्ग, डॉ. ललित महेश्वरी, अंजू, स्वाती, रेखा, अंजलि, पूजा, रुचि, नेहा अग्रवाल, राशि जैन, अन्नू कुच्छल, मीनाक्षी मित्तल, नीतू, निशा, आंचल, शिखा, अनु गोयल, आयुषी, रेनू गर्ग, अनीता गोयल आदि ने भाग लिया।

## पिता ग्रंथी, मां दिहाड़ी मजदूर, तीनों बेटियों ने एक साथ पास की यूजीसी नेट परीक्षा



**बठिंडा, 27 जुलाई (एजेंसी)।** कहते हैं अगर हौसले बुलंद हो तो कोई भी कठिनाई आपका रास्ता नहीं रोक सकती है। ऐसा ही मामला चंडीगढ़ से सामने आया है। यूजीसी नेट परीक्षा भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं की लिस्ट में शामिल है। कई परीक्षार्थियों को इसमें सफल होने में 01 साल से ज्यादा का वक्त लग जाता है, लेकिन पंजाब के बठिंडा की 3 सगी बहनों ने इसे पहले अटेंप्ट में पास कर मिसाल कायम की है। एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली ये तीनों बहनें कठिन हालातों के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने में जुटी रहीं। तीन बहनों, 01 भाई और माता-पिता वाले 05 सदस्यीय परिवार की गुजर-बसर मुश्किल से हो पाती है। इसके बावजूद तीनों बहनों ने एक साथ मेहनत कर यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर साबित कर दिया कि अगर संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी मुश्किल राह नहीं रोक सकती।

तीनों बहनों-रिंपी कौर, बींत कौर और हरदीप कौर ने अलग-अलग विषयों में यूजीसी नेट परीक्षा पास की है। अब तीनों किसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी कर अपने परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों को अपने कंधे पर लेना चाहती हैं।

# ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज पर्व हर्षोल्लास से संपन्न



**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)।** स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति की ओर से आशा संगल एवं प्रबंधक विनोद संगल, शशि गर्ग एवं उपाध्यक्ष महेश गर्ग, डॉयरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजादवीर, हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान, कोर्डिनेटर आशीष त्यागी, काउंसलर कंचन गर्ग के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अथितिगण नेहा अरोरा, मनी पटपटिया (भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष), अंशु भाटिया, मेघा पटपटिया, हर्ष कालरा रही। हरियाली तीज के इस पावन पर्व पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं की माताओं को सादर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर सभी माताओं का शिक्षिकाओं ने तिलक व टोकन लगाकर व पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात माताओं ने बहुत ही सुंदर व मन को मोहने वाली प्रस्तुति दी।



लोकप्रिय एवं मनोहारी गानों पर डांस कविता, चुटकुले, झूला झूलना, मेहंदी कॉर्नर, टैटू कॉर्नर, सेल्फी कॉर्नर, मेकअप कॉर्नर, छोले भटूरे, गुलाब जामुन कॉर्नर, सरप्राइज गेम्स आदि कार्यक्रम का हिस्सा रहा। कार्यक्रम में मिस तीज क्वीन का खिताब रीतू ने प्रथम स्थान, रेनू ने द्वितीय स्थान व हरियाली तीज स्पेशल में अंजू अग्रवाल ने पुरस्कार जीता। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने तीज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार एक पवित्र त्यौहार है, जो प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है, इसको कजरिया तीज भी कहते हैं।

इस पावन पर्व पर सभी सुहागिन सोलह श्रृंगार करती हैं और भगवान से अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख समृद्धि एवं कल्याण के लिए कामना करती हैं और खुशी में गीत गाती हैं। हेडमिस्ट्रेस ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी माताओं का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन रश्मि पालीवाल, हिमांशी चौहान व शिल्पी अरोरा ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल के समस्त शिक्षक गण ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

# पीएम मोदी-सीएम योगी की नीतियों को हर घर तक पहुंचायेंगे: मीनाक्षी स्वरूप

## - चेयरपर्सन के आवास पर हुई केशव मंडल टीम सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** चेयरपर्सन अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप व वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक और सामाजिक स्तर पर अथक योगदान और समर्पण के लिए सम्मानित किया। चेयरपर्सन आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में विधानसभा सदर के अन्तर्गत केशव मंडल की नवनिर्वाचित टीम के सभी पदाधिकारियों और सेक्टर सदस्यों के कार्य को सराहा। आयोजन ने संगठनात्मक एकजुटता को मजबूती देने के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं के मनोबल को नई ऊर्जा प्रदान करने का काम किया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने रविवार को पटेलनगर स्थित अपने आवास पर केशव मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल व उनकी नवनिर्वाचित टीम को संगठन के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने पर भाजपा का पटका पहनाकर और प्रेमोपहार भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही भाजपा संगठन की आत्मा है। टीम को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करना होगा। उन्होंने सरकार की योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की नीतियों को जन जन और हर घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने कहा कि नवनिर्वाचित टीम संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ समर्पित है। जनसेवा हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। युवाओं को भी संगठन से जोड़ने का प्रयास होना चाहिए ताकि भविष्य के नेतृत्व को तैयार किया जा सके। केशव मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल ने कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व गौरव स्वरूप का आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्य रूप से युवा भाजपा नेता विकल्प जैन, केशव मंडल प्रभारी बबीता गुप्ता, शिवकुमार चौहान, डॉ. प्रदीप, नमीष चंदेल, बबलू धनगर, मयंक त्यागी, वैभव त्यागी, अमन तोमर, मनोज शर्मा लैमन, बबली सैन, अनुज पाल, सुशील धीमान, उज्जवल मित्तल, नितिन अरोरा, पियूष त्यागी, नूर मौहम्मद मलिक, फैसल अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**THE S.D. DEGREE COLLEGE**

(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Jansath Road, Nirana, Muzaffarnagar (U.P.)

Invite Applications for the
APPOINTMENT OF PRINCIPAL & FACULTIES for

**B.A.** Hindi, English, History, Political Science, Drawing, Education & Sociology

**B.Com.** Commrce

**B.Sc.** Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany

Eligibility & Salary:- As Per University Norms

Interested candidates may send their resume to thesddgree@gmail.com

# किसान उत्पीड़न के दृष्टिगत राष्ट्रीय गुर्जर महासभा ने किया राष्ट्रीय किसान यूनियन का गठन



**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)।** संगठन के कार्यालय पर आयोजित सभा में राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र गुर्जर ने राष्ट्रीय किसान यूनियन का गठन किया है, ताकि समाज के साथ साथ किसान-मजदूर की हक की लड़ाई बेबाकी से लड़ी जा सके। रविवार को राष्ट्रीय गुर्जर महासभा के मुख्यालय पर राष्ट्रीय गुर्जर महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें महासभा के द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों का समीक्षात्मक विश्लेषण करते हुए कार्यवृत्त जारी किया गया एवं आगामी कार्य योजनाएं तैयार कर प्रस्तुत की गई, जिन पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए सभी के द्वारा सहमति प्रदान की गई। विशेष प्रस्ताव के रूप में सर्व समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जो कृषि क्षेत्र से जुड़ा हुआ किसान है, उनके हितों की रक्षा के लिए राष्ट्रीय किसान यूनियन का गठन हुआ। उल्लेखनीय है कि चौ. रविंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में, राष्ट्रीय गुर्जर महासभा सर्व समाज का सम्मान करते हुए, सभी के हितों की रक्षा करते हुए सभी को साथ लेकर चलती है, जिस पर प्रत्येक दृष्टिकोण से अध्ययन करते हुए निर्णय लिया गया कि किसान हित में राष्ट्रीय गुर्जर महासभा की एक इकाई "राष्ट्रीय किसान यूनियन" का गठन किया गया, जिसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्य समिति ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। सभा में चौ. रामफल सिंह दरोगा, चौ. प्रवीण सिंह प्रिंसिपल साहब, चौ. प्रदीप सिंह मास्टर, चौ. ओमपाल आर्य टिटौड़ा, चौ. हरेन्द्र सिंह वाजिदपुर, चौ. बिजेंद्र गुर्जर तेजलहेड़ा, चौ. प्रमोद गुर्जर तेजलहेड़ा, चौ. महेंद्र सिंह लिसौढ़ा, चौ. अर्जन सिंह ढाँसरी, चौ. आशीष तोमर, चौ. कुलदीप गुर्जर रंडावली, चौ. दुष्यंत सिंह खटाना माँडला, चौ. विजय कुमार गुर्जर लेखपाल माँडला, चौ. विनय कुमार गुर्जर मांडला एवं प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड चौ. यशवीर सिंह गुर्जर सम्मिलित हुए।

## अखिल भारतीय अग्रजन महासभा के पदाधिकारियों ने शुकतीर्थ पहुंचकर लिया संतों का आशीर्वाद



**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)।** वैश्य अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अखिल भारतीय अग्रजन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सन्दीप कुमार गुप्ता के सान्निध्य में सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल बुकमैन पब्लिकेशन्स के निदेशक तरुण कुमार गुप्ता आदि ने शुकतीर्थ पहुंचकर साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। सर्वप्रथम रविदास समनदास आश्रम शुकतीर्थ के पीठाधीश्वर स्वामी गोवर्धन दास के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया, जहां आश्रम सेवक संदीप दास ने आश्रम का भ्रमण कराते हुए आश्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात पूज्य वीतराग स्वामी कल्याणदेव की समाधि स्थल पहुंचकर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन व स्मरण किया और पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द का आशीर्वाद लिया। आश्रम के ट्रस्टी ओम दत्त देव, पुरोहित सुमन कृष्ण शास्त्री आदि से आश्रम में भागवत सार कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में चर्चा की।

## तीज गीत, तीज नृत्य, तीज झूले मे समाई महिलायें, मीनाक्षी स्वरुप, अंजू अग्रवाल ने बांधा समां- रेशू विहार



**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)।** तीज उत्सव पर रेशू विहार में महिलाओं ने खुशी-खुशी तीज उत्सव मनाया। सभी ने घरों में पकवान बनाये व पूजा की। शाम को सामूहिक रूप से तीज के गीत, तीज का नृत्य, तीज का झूला सामूहिक रूप से झूल कर तीज उत्सव मनाया। नगर पालिका की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरुप व पूर्व अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने नृत्य, गीत, झूले के आकर्षण को सभी के मध्य सुनाया, जिससे रेशू विहार का वातावरण आकर्षण का केंद्र बन गया। महिलाएं, बच्चे मीनाक्षी स्वरुप व अंजू अग्रवाल को अपने बीच उपस्थित देखकर खूब खुशियों से तीज उत्सव मनाने लगे। महिलाओं ने एक दूसरे को पुष्प देकर स्वागत किया। झूले पर झूलते समय पुष्प वर्षा की। हँसी के चुटकुले, कविता, गीत सुनाये। इस अवसर पर राधा-कृष्ण को विशेष रूप से याद करते हुए पूजा-अर्चना की। बाद में सभी ने सामूहिक रूप से एक-दूसरे को घेवर, गुजिया खिलाकर स्वागत किया व तीज की बधाई देते हुए सभी की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नगर पालिका पूर्व चेयरमेन अंजू अग्रवाल ने अपने श्रीमुख से तीज उत्सव की कई ज्ञानवर्धक बातें सुनाई। रेशू विहार के पुरुषों ने तीज उत्सव पर महिलाओं का स्वागत सम्मान किया। बच्चे राधाकृष्ण के रूप में सबका मन मोह रहे थे। तीज उत्सव पर पूरे रेशू प्रांगण को कली, फूल, मालाओं आदि से सजाया गया। अगरबत्ती व इत्र से पूरे वातावरण को सुगन्धित बनाया गया, जिससे झूले पर झूलने, नृत्य-गीत करने व एक दूसरे से गले मिलने का नया आनंद आ गया। बच्चों ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।





# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की महिला विंग ने हरियाली तीज का महोत्सव मनाया

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बुस.)।** ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल, नई मंडी में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, महिला विंग की ओर से हरियाली तीज महोत्सव रंगारंग कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाएं हरी रंग-बिरंगी साड़ी पहनकर सज-धज कर, सोलह सिंगार करके कार्यक्रम में पहुंची। भारतीय पारंपरिक वेशभूषा व श्रृंगार के साथ सभी महिलाओं ने बहुत सुंदर मेहंदी रचा रखी थी। महिलाओं ने सावन के गीत पर नृत्य किया और झूले का आनंद लिया। तंबोला,सांस्कृतिक कार्यक्रम व तीज क्वीन, सरप्राइज गिफ्ट आदि देकर कार्यक्रम को मनोरंजन बनाया गया। मुख्य अतिथि ममता अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग ने सावन महीने पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उक्त सभी पर्व हमारी संस्कृति से जुड़े हैं। यह पर्व शिव पार्वती के मिलन का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ अनु अग्रवाल पत्नी कपिल देव अग्रवाल राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया। नीति अग्रवाल जिला अध्यक्ष ने कहा कि श्रावण मास में अधिक से अधिक पौधे लगाकर हमें पर्यावरण की संरक्षण करना चाहिए व अपने देश के प्रति प्रेम व स्वयं की रक्षा करने के लिये भी महिलाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रेखा मित्तल, दीपा अग्रवाल, आशा सिंघल, शशि जी रही। प्रदेश चेयरमेन रेनू गर्ग व प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता गुप्ता ने कार्यक्रम को सराहा। रेनू सिंगल, अलका अग्रवाल कार्यक्रम संयोजिका व रीना गोयल, पूजा मित्तल सहसंयोजिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनिता गर्ग महामंत्री, पारुल गर्ग कोषाध्यक्ष का विशेष योगदान रहा। स्कूल की प्रधानाचार्य ममता चौहान व सीमा गर्ग, प्रिया गर्ग, अनीता राजवंशी, मिथिलेश गोयल, शिखा, सौम्या गोयल, गरिमा आदि सैकड़ों महिलाओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

## नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 जुलाई 2025, दिन सोमवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैंप में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच) | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 जुलाई 2025, सोमवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, बिना धर्म बदले दूसरे धर्म की शादी अवैध होगी

**प्रयागराज, 27 जुलाई (एजेंसी)।** धर्मांतरण और लव जिहाद को लेकर चल रही तीखी बहस के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले ने हड़कंप मचा दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना धर्म परिवर्तन के अलग-अलग धर्मों को मानने वाले लोगों के बीच की गई शादी अवैध मानी जाएगी। ये फैसला विवाह का सर्टिफिकेट जारी करने वाले आर्यसमाज जैसी संस्थाओं के मद्देनजर दिया गया, जो विवाह विधि का तय शुल्क और दक्षिणा लेकर किसी को भी विवाह का सर्टिफिकेट दे देते हैं। यानी इस तरह की शादियां कानून का उल्लंघन हैं। जस्टिस प्रशांत कुमार की खंड पीठ ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश के गृह सचिव को आदेश दिया है कि उन आर्य समाज सोसाइटियों की जांच डीसीपी स्तर के आईपीएस अधिकारियों से कराई जाए, जो विपरीत धर्म के लोगों या नाबालिग जोड़ों को शादी का प्रमाणपत्र जारी कर रही हैं। कोर्ट ने इस आदेश की अनुपालन रिपोर्ट 29 अगस्त 2025 तक व्यक्तिगत हलफनामे के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## बृजभूषण के बाद दोनों बेटे योगी से मिले, प्रतीक के मंत्री बनने की दावेदारी

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)।** कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण के दोनों बेटों प्रतीक और करण ने सीएम योगी से मुलाकात की। 4 दिन पहले बृजभूषण शरण सिंह भी सीएम से मिले थे। पूर्व सांसद के परिवार की एक सप्ताह में दूसरी बार योगी से मुलाकात से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, बृजभूषण के बड़े बेटे विधायक प्रतीक भूषण सिंह आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में मंत्री बनना चाहते हैं। सीएम योगी की सहमति के बिना प्रतीक का मंत्री बनना संभव नहीं है। बृजभूषण शरण सिंह खुद यह कह चुके हैं कि उनके बड़े बेटे प्रतीक की तुलना में छोटे बेटे एवं सांसद करण भूषण सिंह के योगी से ज्यादा अच्छे रिश्ते हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रतीक भूषण करण को साथ लेकर मुलाकात करने पहुंचे।

## झांसी में नदी में बहा युवक, ललितपुर में पांच डैम ओवरफ्लो, सड़क बही

**झांसी, 27 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी में मानसून एक्टिव हो गया है। ललितपुर में तेज बारिश से सड़क बह गई। 5 बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है, जिससे नदियां उफान पर हैं। सबसे ज्यादा माताटीला बांध के 20 गेट खोले गए हैं। झांसी में पिकनिक मनाने आया युवक बेतवा नदी में बह गया। सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से गहराई में चला गया और तेज बहाव में बह गया। 14 घंटे बाद युवक के शव को गोताखोरों ने बरामद किया। जालौन में पूरी रात बारिश हुई है। कई इलाकों में 2 फीट तक पानी भर गया है। आज भी 59 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। पिछले 24 घंटे में 69 जिलों में औसतन सिर्फ 13.3 मिमी बारिश हुई। 1 जून से अब तक प्रदेश में 298.9 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य 313.2 मिमी से 5 प्रतिशत कम है। प्रदेश में 26 जुलाई तक बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में कोटे से अधिक बारिश हुई है, जबकि 45 जिले ऐसे हैं जहां कोटे से कम बारिश हुई है।

## लखनऊ में रिटायर्ड डीआईजी के साथ लाखों की साइबर ठगी, मामला दर्ज

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी की राजधानी लखनऊ में रिटायर्ड डीआईजी के साथ लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बताकर घरेलू सामान बेचने का झांसा देकर सेवानिवृत्त डीआईजी से 1.75 लाख रुपए ठग लिए। हजरतगंज थाने में पूरा मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने डिजिटल सबूतों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नंबर बदलने के बाद सेवानिवृत्त डीआईजी के पास संतोष नाम के व्यक्ति का फोन आया और व्हाट्सएप पर फोटोज शेयर हुई। सेवानिवृत्त डीआईजी ने बताया कि 1.75 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। पहले पैसे देने की बात हुई, हालांकि कुछ दिनों तक पेमेंट नहीं किया। पेमेंट भेजने के बाद भी जब समान नहीं पहुंचा तो सेवानिवृत्त डीआईजी को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने मामला दर्ज कराया।

## 'इंडिया दैट इज भारत' यह सच, पर लिखते-बोलते भारत को भारत ही रखना चाहिए- मोहन भागवत

**कोच्चि, 27 जुलाई (एजेंसी)।** आरएसएस से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा का आयोजन केरल के कोच्चि में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया ताकत की भाषा समझती है, इसलिए भारत को आर्थिक दृष्टि से भी शक्तिशाली और समृद्ध बनना होगा। मोहन भागवत ने आगे कहा कि भारतीय शिक्षा त्याग और दूसरों के लिए जीना सिखाती है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो किसी व्यक्ति को कहीं भी अपने दम पर जीवित रहने में मदद करे। केरल में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारत के नाम पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'भारत' एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है और इसका अनुवाद नहीं होना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि हमें बोलते और लिखते समय 'भारत' को 'भारत' ही रखना चाहिए। ऐसा उन्होंने भारत की पहचान बनाए रखने के महत्व पर जोर देते हुए कहा। उन्होंने कहा कि इंडिया दैट इज भारत सही है, लेकिन 'भारत' तो 'भारत' ही है। इसलिए लिखते और बोलते समय हमें 'भारत' को 'भारत' ही रखना चाहिए।

# एटीएस-खुफिया एजेंसियों की निगरानी में संपन्न हुई परीक्षा

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को जनपद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। इस दौरान परीक्षा को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने की खातिर एंटी-टेररिज्म स्क्वायड की निगरानी के साथ चप्पे-चप्पे पर सिविल पुलिस बल भी तैनात रहा।

यूपी में फरवरी 2024 में हुए पेपर लीक के बाद, इस बार योगी सरकार ने परीक्षा की शुचिता बनाने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए थे। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एटीएस) और अन्य खुफिया एजेंसियों को सक्रिय रूप से निगरानी में लगाया गया था। एटीएस को विशेष रूप से उन संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के निर्देश दिए गए थे, जिनकी पहचान पहले ही कर ली गई थी। हालांकि परीक्षा केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और अभ्यर्थियों की कड़ी तलाशी सुनिश्चित करने के लिए भारी संख्या में सिविल पुलिस बल तैनात किया गया था। हर केंद्र पर सशस्त्र गार्ड और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जो इन प्रश्नपत्रों को कोषागार से निकालने से लेकर परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को भेजने तक की पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। परीक्षा निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया गया। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सीसीटीवी निगरानी, और सोशल मीडिया ट्रैकिंग का उपयोग किया गया ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी, पेपर लीक, या कदाचार के जोखिम को खत्म किया जा सके। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और चेहरे की पहचान अनिवार्य की गई थी। पुलिस और संबंधित एजेंसी द्वारा संयुक्त रूप से दोहरी तलाशी की गई।

### यूपी RO-ARO एग्जाम खत्म, छात्र बोले-हिस्ट्री ने उलझाया, 58% अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**लखनऊ, 27 जुलाई (एजेंसी)।** यूपी में समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (RO-ARO) की प्रारंभिक परीक्षा खत्म हो गई है। 10 लाख 76 हजार में से केवल 42 फीसदी (4 लाख, 51 हजार) अभ्यर्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। लखनऊ में छात्र वसीम अहमद ने कहा- पेपर में मॉडर्न हिस्ट्री से जुड़े सवाल थोड़े ज्यादा टफ थे। हिंदी में पर्यायवाची के विकल्प कुछ कंफ्यूजिंग थे। वहीं, काजल यादव ने बताया- GS पोर्शन ज्यादा टफ था। प्रदेश के 2382 केंद्रों पर रविवार सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक परीक्षा हुई। सुबह 8 से 8:45 बजे तक अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। एंट्री गेट पर सख्ती से चेकिंग की गई। प्रवेश पत्र और पहचान पत्र दिखाने के बाद ही एंट्री मिली। कानपुर में महिला अभ्यर्थियों की कान की बालियां और चेन उतरवा ली गईं। वहीं, पुरुष अभ्यर्थियों का कलावा उतरवाया गया। पानी की बोतल और गाड़ी की चाबी ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। गाजियाबाद में पुरुष अभ्यर्थियों की बेल्ट उतरवा ली गई। आजमगढ़ में एक छात्रा गेट बंद होने के कुछ ही देर बाद सेंटर पहुंची, लेकिन उसे एंट्री नहीं मिली। इसके बाद वह फूट-फूटकर रोने लगी। लखनऊ से परीक्षा देने उन्नाव पहुंची एक छात्रा परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंची। केंद्र का गेट बंद होने में सिर्फ 3 मिनट बचे थे। इसी दौरान ड्यूटी में तैनात कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने छात्रा को दौड़ते हुए देखा। उन्होंने स्थिति को समझा और छात्रा को अपनी गाड़ी में बैठाकर केंद्र तक पहुंचाया। औरैया में दो छात्राओं में कहासुनी हो गई। फिर दोनों के बीच जमकर लात-घूसे चले। दुकानदारों ने किसी तरह से दोनों को छुड़ाया।

## डीएम-एसएसपी ने परखी परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** यूपी पीएससी समीक्षा एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने की खातिर रविवार को डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय वर्मा ने कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

रविवार को यूपीपीएससी आरओ एवं एआरओ परीक्षा जिले के 28 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा को पारदर्शी, नकलविहीन, सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े प्रबंध किए गए। डीएम उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा द्वारा जय हिन्द इण्टर कॉलेज, अमृत इण्टर कॉलेज, चौ. दलीप सिंह रघुवीर सिंह इंटर कॉलेज आदि परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए परीक्षा केंद्रों पर इस दौरान सीसीटीवी कैमरों, जैमर, बायोमैट्रिक स्कैनर, मुख्य प्रवेश द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल, अभ्यर्थियों के मोबाइल, बैग आदि जमा करने की गई व्यवस्था को परखा। एसएसपी संजय वर्मा ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें,



किसी भी अभ्यर्थी को इलैक्ट्रॉनिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने के साथ किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में असुविधा होने पर उसकी हर सम्भव सहायता करने के निर्देश दिए। पीएससी समीक्षा एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर इस बीच परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से पूरी तहर निगरानी की गई। जहां परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए जैमर लगाए गये तथा परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को ट्रैफिक की समस्या न हो, इसके लिये ट्रैफिक पुलिस ड्यूटी पर डटी रही।

# रोडवेज बस ने कार में टक्कर मारी, आधा दर्जन से अधिक घायल

**मीरापुर, 27 जुलाई (बु.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर सिखरेड़ा के समीप तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित रोडवेज बस ने सामने से आ रही अर्टिका कार में टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार एक युवती

**एक युवती समेत आधा दर्जन से अधिक घायल, सभी की हालत गंभीर**

समेत करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुँची पुलिस व आस-पास के लोगों ने दौड़कर बामुश्किल सभी घायलों को कार से बाहर निकाला तथा उपचार के लिए सीएचसी जानसठ भिजवाया, जहाँ से गंभीर हालत में घायलों को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल निवासी प्रेम सिंह अपने परिवार के सदस्यों के साथ दिल्ली में एक कम्पनी में काम करता है। चार दिन पूर्व परिवार में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए सभी लोग पौड़ी आए थे। रविवार को प्रेम सिंह परिवार के सदस्यों देवेन्द्र सिंह पुत्र गोविन्द सिंह, मिनाक्षी पुत्री प्रेम सिंह, महावीर पुत्र भगत सिंह, धनसिंह पुत्र रंजीत सिंह तथा हयात सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति के साथ एक किराए की अर्टिका कार में सवार होकर दिल्ली वापस जा रहे थे। जैसे ही इनकी कार दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव सिखरेड़ा में पहुँची, तभी सामने से तेज गति से आ रही छुटमलपुर डिपो की अनियंत्रित रोडवेज बस ने सीधे इनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि पूरी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी तथा तेज धमाके की तरह आवाज हुई और कार में सवार प्रेम सिंह व उसकी पुत्री मिनाक्षी, देवेन्द्र, महावीर, धन सिंह, हयात सिंह समेत सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और कार में ही फंस गए तथा मौके पर चीख पुकार मच गई। रोडवेज बस व कार की भिड़ंत के बाद क्षतिग्रस्त कार की हालत और उसमें फंसे घायलों की चीख-पुकार सुनकर व घायलों की हालत देखकर मौके पर पहुँचे लोग भी सहम गए। चीख-पुकार सुनकर आस पास के लोग दौड़कर वहाँ पहुँचे और कार की खिड़कियां तोड़कर घायलों को बाहर निकालने में जुट गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर आ गयी और लोगों की मदद से सभी घायलों को कार से बाहर निकाला तथा सभी घायलों को उपचार के एम्बुलेंस से सीएचसी जानसठ भिजवाया, जहाँ से गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने सभी को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। रोडवेज चालक मौके से फरार हो गया। वहीं दुर्घटना के चलते मौके पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर किनारे कराया और यातायात सुचारू कराया। पुलिस के अनुसार घायलों में तीन की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### एनएचएआई के सड़क निर्माण कार्य के चलते हो रहे हादसे

**मीरापुर, 27 जुलाई (बु.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर एनएचएआई द्वारा राजमार्ग के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, किंतु निर्माण कार्य कर रही कम्पनी द्वारा निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री तथा निर्माण कार्य मे लगे अलग-अलग स्थानों पर वाहनों को सड़क पर लापरवाही से खड़ा किया गया है तथा कई स्थानों पर मिट्टी व डस्ट उड़ने के चलते वाहन चालकों को भारी दिक्कत होती है, जिसके चलते अक्सर दुर्घटना होती रहती है।








# डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा बयान-कमला हैरिस पर चले मुकदमा, पूर्व उपराष्ट्रपति पर भड़के ट्रम्प

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ दिनों में कई दिग्गजों पर नाराजगी जता चुके हैं। हाल के दिनों में वह टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर भड़के थे। केवल इतना ही नहीं ट्रंप ने तो कमला हैरिस पर मुकदमा चलाने की मांग तक कर डाली। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि कमला हैरिस और कुछ अन्य वरिष्ठ अमेरिकी सेलेब्स ने साल 2024 में राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान पैसे लिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ऐसा करना पूरे तरीके से गैरकानूनी है। ट्रंप का दावा है कि ऐसा करने से अमेरिका के चुनावी अभियान के आर्थिक कानूनों का उल्लंघन हुआ है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर इस बारे में विस्तार से लिखा है। अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर आरोप लगाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने (हैरिस) गायिका बियॉन्से, टीवी होस्ट ओपरा विन्फ्रे और सिविल राइट्स एक्टिविस्ट अल शार्पटन जैसे सितारों के समर्थन के बदले लाखों डॉलर खर्च किए। ट्रंप का कहना



है कि यह समर्थन अभियान असली नहीं था। ये पैसे लेकर हासिल किया गया समर्थन अभियान था। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर ट्रंप ने इस संबंध में लिखा कि क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि क्या होगा यदि नेता सभी समर्थन करने वालों को पैसे देना शुरू कर दें?

## मां वैष्णो देवी मार्ग पर फिर भूस्खलन

**जम्मू, 27 जुलाई (एजेंसी)।** मां वैष्णो देवी की यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। बीते शनिवार देर रात करीब 12:00 बजे महत्वपूर्ण बैटरी कार मार्ग के हिमकोटी क्षेत्र में एकाएक भूस्खलन हो गया, जिसके कारण मार्ग पर बने टिन शेड का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जब हादसा पेश आया उस समय श्रद्धालु श्रद्धा के साथ भवन की ओर आ जा रहे थे, गनीमत यह रही कि गुजर रहे श्रद्धालु पूरी तरह से सुरक्षित रहे और किसी को चोट नहीं आई। भूस्खलन की सूचना मिलते ही श्राइन बोर्ड प्रशासन ने इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही स्थगित कर, इसी बीच जेसीबी मशीन के साथ ही श्राइन बोर्ड कर्मचारियों ने मार्ग को साफ किया और रविवार सुबह निरीक्षण के बाद करीब 6:00 बजे श्रद्धालुओं के लिए यह मार्ग खोल दिया गया, जिसको लेकर श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली।

# अब गांव रसूलपुर दभेड़ी में दिखाई दिया ड्रोन

**बुढ़ाना, 27 जुलाई (बु.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर पट्टी, मंदवाडा और मिंडकाली के बाद अब रसूलपुर दभेड़ी में आकाश मे संदिग्ध ड्रोन दिखे जाने की खबर है। रसूलपुर दभेड़ी के रिटायर्ड फौजी व उनके पुत्रों ने रविवार को दिन निकलने से पूर्व ही अर्धरात्रि में आकाश में ड्रोन देखे जाने का दावा किया, जिसके चलते सभी ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बुढ़ाना क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा व रसूलपुर दभेड़ी में रात मे अज्ञात ड्रोन उड़ने की सूचना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मध्य रात्रि 12 बजे इन गांवों के ऊपर व जंगलों में अज्ञात ड्रोन देखे जाने से हड़कंप मच गया। कुछ ग्रामीणों ने टॉर्च की रोशनी से गांव खंगाला, मगर कुछ नहीं मिला। ग्रामीणों ने चोरों द्वारा ड्रोन से रेकी का अंदेशा जताया। इस डर से पूरी रात लोग अपने घरों के बाहर लाठी डंडे लेकर दिखे। ग्रामीणों ने ड्रोन के वीडियो बना सोशल मीडिया पर पोस्ट की। देर रात तक गांवों में ड्रोन देखे जाने के दावे होते रहे। कई लोगों ने ड्रोन देखने का दावा किया। इनकी प्रशासन से मांग है कि रात में गांवों में गश्त हो ताकि लोगों का डर दूर हो। मंदवाडा के लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने गांव में गश्त की। कोतवाल आनंद देव मिश्र के अनुसार देर रात्रि उन्हें गांवों में ड्रोन उड़ने की सूचना मिली। चोरों द्वारा ड्रोन से रेकी की बात अफवाह है। रात्रि में हवाई मार्गों का निरीक्षण करने वाली कुछ कंपनियां भी ड्रोन उड़ाती है। उन्होंने सभी लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नही दिए जाने की अपील की है।

### किसी को भी अगर ड्रोन दिखे तो घबराएं नहीं

**बुढ़ाना।** अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने रविवार के दिन बिल्कुल साफ किया है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में आसमान में जगह जगह पर दिखाई दे रहे ड्रोन्स से किसी भी व्यक्ति को घबराने की जरूरत नहीं है। वे रात होते ही आराम से सोएं और किसी भी तरह की अफवाह का हिस्सा ना बनें क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सीमावर्ती पर ड्रोन्स के द्वारा मैपिंग का कार्य चल रहा है अन्य कोई किसी प्रकार की लोग भ्रांति ना फैलाएं। इसमें अब आगे से अफवाह फैलाने वाले या किसी को भी डराने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। पुलिस ने अफवाह फैलाने वालों पर ध्यान रखना शुरू कर दिया है। सभी को पता है कि पुलिस की गश्त बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के हर गांव में रहती है।

## इनसे पूछिए पानी की कीमत ...

**जो चीज इंसानों को मुफ्त उपलब्ध होती है, वह उसकी कीमत नहीं समझता। देखिए इन बंदरों को कैसे चिलचिलाती गर्मी में अपनी प्यास बुझाने को सड़क का पानी पीने को मजबूर हैं।**



# नाबालिग बहनों संग रेप करने वाले दोनों युवक दबोचे

**बुढ़ाना, 27 जुलाई (बु.)।** पुलिस ने 02 चचेरी नाबालिग बहनों संग रेप करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उकावली पुलिस चौकी के एक गांव की 02 नाबालिग किशोरियों का 02 युवकों प्रदीप कश्यप उर्फ बाबू पुत्र राम निवास व गौरव कश्यप पुत्र राम फूल निवासीगण ग्राम चन्धेडी बुढाना ने उनके घर से सोते समय तमंचों के बल पर अपहरण कर लिया था और दोनों किशोरियों को अपने सुअर फार्म में लाकर बारी बारी से रेप किया था। घटना की जानकारी दोनों किशोरियों ने सुअर फार्म से किसी तरह से बाहर निकलकर अपने परिजनों को दी थी तो मामला बुढ़ाना पुलिस के पास पहुंच गया था। तभी बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने अपहरण व रेप का मामला संगीन धाराओं मे दर्ज करके दोनों बहनों का मेडिकल कराकर दोनों फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम में शामिल उकावली चौकी प्रभारी मोहित कुमार ने कांस्टेबल अमन व कृष्ण की मदद से दोनों आरोपियों को 24 घंटे में मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर गांव उकावली के चौराहे से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे कहीं भागने की फिराक में थे।

# गांवों में ड्रोन दिखने की टेंशन अब हुई खत्म, घबराएं नहीं चल रहा है नदियों का सर्वेक्षण

**मुजफ्फरनगर, 27 जुलाई (बु.)।** मेरठ के कई गांवों में ड्रोन दिखने का मामला, ड्रोन से किया जा रहा है नदियों का सर्वेक्षण, उत्तर प्रदेश भू स्थानिक निदेशालय के निदेशक ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक को लिखी चिट्ठी, मेरठ, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में चल रहा है ड्रोन सर्वेक्षण, हिंडन नदी के फ्लड प्लेन जोन के चिन्हीकरण निर्धारित करने का कराया जा रहा है ड्रोन सर्वेक्षण, यूपी की सभी नदियों का कराया जा रहा डिजिटल एलिवेशन मॉड्यूल का ड्रोन सर्वेक्षण, एनजीटी के आदेश पर कराया जा रहा है सर्वेक्षण, डीआईजी मेरठ रेंज, डीआईजी सहारनपुर रेंज और यूपी के सभी डीएम को भेजी गई चिट्ठी, कई गांवों में रात में ड्रोन दिखने से फैली हुई दहशत, अब जाकर तस्वीर साफ हुई ।


भारत सरकार
निदेशक का कार्यालय/Office of Director
उत्तर प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय (उत्तरी क्षेत्र)
Uttar Pradesh G.D (Northern Zone)
5, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ -226010
पत्र सं0 त 2406 /39-C-ED (Court Case) दिनांक: 25/07/2025
सेवा में,
अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/पुलिस महा निरीक्षक,
मेरठ ज़ोन, उत्तर प्रदेश।
Pvt. Ltd. एवं M/S Neo Geo Info Technologies Pvt. Ltd. उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर एवं सहारनपुर जिलों में हिण्डन नदी के फ्लड प्लेन जोन के चिन्हीकरण निर्धारित करने हेतु ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य कर रही है।
उक्त टीमों के सर्वेक्षण कार्य में लोकल प्रशासन को सहयोग करने हेतु निर्देशित करने के लिए विनम्र अनुरोध है।
भवदीय,
(डी.एन.पाठक)
निदेशक
प्रतिलिपि-
1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को सूचनार्थ प्रेषित।
2. उप-महानिरीक्षक, मेरठ रेंज को सूचनार्थ (Email- digmrt@nic.in)
3. उप-महानिरीक्षक, सहारनपुर रेंज को सूचनार्थ (ई-मेल- digsah@nic.in)
4. ड्रोन कार्य में संलग्न सभी फर्मों को सूचनार्थ प्रेषित।

# पुंछ में शहीद हुए अग्निवीर का अंतिम संस्कार, मेरठ के जवान को आखिरी सलामी देने उमड़ा हुजूम

**पुंछ, 27 जुलाई (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में शहीद हुए मेरठ के जवान ललित का पार्थिव शरीर रविवार की शाम उसके गांव पस्तरा में पहुंचा। तिरंगे में लिपटकर शहीद ललित का शव जब गांव में आया, तो युवाओं ने देशभक्ति के नारे लगाने शुरू कर दिए। पूरा इलाका जय हिंद के नारों से गूंज उठा। अपने-अपने घरों से निकलकर महिलाएं उस पर फूलों की वर्षा करने लगीं। अपने गांव के अग्निवीर की शहादत पर उन्हें फख्र था, तो वहीं एक जवान मौत का दुख दिल को चीरे जा रहा था। शहीद को अंतिम विदाई देने भाजपा, सपा के कई जनप्रतिनिधि पहुंचे। डीएम डॉ. वीके सिंह और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा भी मौके पर पहुंचे। पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद को विदाई देकर उसका अंतिम संस्कार किया गया।



## किसान को गोली मारने के मामले में मुकदमा दर्ज

**भोपा, 27 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव पटोली के जंगल में किसान को गोली मारने की घटना में घायल किसान के भाई की तहरीर पर दो नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव पटोली निवासी अम्मार ने तहरीर देते हुए बताया कि रविवार को उसका भाई आफताब अपने खेत पर गया था। तभी वहां आए गांव के ही साबिर और गुलशनव्वर एक अज्ञात व्यक्ति के साथ वहां आए और आते ही उसके भाई को गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर साबिर और गुलशनव्वर पुत्रगण शमशेर और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में एक दिलचस्प पहलू यह है कि गोली मारने के मामले में जिन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है उनमें से एक आरोपी की पत्नी ने बीते माह घायल किसान के भाई मुजम्मिल पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें आरोपी मुजम्मिल जेल में निरुद्ध है।

**मुजफ्फरनगर के सपा सांसद हरेंद्र मलिक का अनोखा बयान**

# पहलगाम पर बोले- धर्म पूछकर गोली मारी...हमने नहीं सुना

**मुरादाबाद, 27 जुलाई (एजेंसी)।** मुजफ्फरनगर के सपा सांसद हरेंद्र मलिक का मुरादाबाद में बेतुका बयान सामने आया है। सपा सांसद ने कहा कि, 'पहलगाम में 26 लोगों की हत्या बड़ी फुर्सत से कर दी गई। वहां एक भी सिपाही नहीं था। सरकार बड़े फख्र से बताती है कि पहलगाम में आतंकियों ने लोगों का नाम पूछकर, उनका धर्म पूछकर गोली मारी। उनको तो हमने सुना नहीं है। सपा सांसद ने कहा कि, यूपी में जवानों को लंगड़ा बनाने का कारखाना



चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आज तक ये नहीं बताया कि पहलगाम में टूरिस्ट की सुरक्षा के लिए वहां एक भी सिपाही तैनात क्यों नहीं था। वहां टूरिस्ट को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी किसकी थी? सपा सांसद बोले-आज तक एक भी आतंकी नहीं पकड़ा गया। सरकार ये बताए कि आतंकी कहां से आए थे और कहां चले गए ? सपा सांसद ने कहा कि- सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से फेल साबित हुई है।

# सपा के पूर्व मंत्री के अस्पताल में महिला से रेप, आईसीयू में इंजेक्शन देकर बेहोश किया

**बलरामपुर, 27 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जनपद बलरामपुर में एक घिनौना अपराध सामने आया है। यहां सपा के पूर्व मंत्री के अस्पताल में महिला से रेप किया गया। कंपाउंडर ने परिजनों को आईसीयू से बाहर निकाला। दवा देने के बहाने बेहोशी का इंजेक्शन लगाया। जब महिला बेसुध हो गई, तब रेप करने लगा। तभी महिला को होश आ गया। वह कंपाउंडर को देखकर चिल्लाने लगी, तो आरोपी अस्पताल से फरार हो गया। परिजनों ने मामले की शिकायत अस्पताल प्रबंधन से की, तो उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। पैसे का लालच भी दिया गया। इसके बाद महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। महिला के मेडिकल में रेप की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता गुरुवार शाम पति के साथ सीने में तेज दर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थी। डॉक्टरों ने उसे आईसीयू में भर्ती किया। नाइट ड्यूटी में कंपाउंडर योगेश पांडेय ही तैनात था। मामला पचपेड़वा थाना क्षेत्र के विमला विक्रम हॉस्पिटल का है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। आपको बता दें कि सपा नेता सलिल सिंह टीटू 2012 से 17 के बीच दर्जा प्राप्त मंत्री रहे हैं। विमला-विक्रम अस्पताल के संचालक भी हैं। शहर के बड़े कारोबारियों में इनकी गिनती होती है। पचपेड़वा में इनका विमला विक्रम महाविद्यालय भी है। टीटू के नाम से इनका एक सिनेमा हॉल भी है। वहीं टीटू जिम भी है। इसी नाम से एक विद्यालय और पेट्रोल पंप भी है।

## आप ने शंख और थाली बजाकर स्कूल मर्जर का किया विरोध

**लखनऊ, 27 जुलाई (वार्ता)** आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर प्रदेश में बंद किये गये स्कूलों को वापस खुलवाने की मांग के साथ रविवार को शंख और थाली बजा कर प्रदर्शन किया। हापुड़ में विरोध प्रदर्शन की कमान पार्टी सांसद और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने संभाली। हापुड़ में बंद किये गये प्राथमिक विद्यालय पहुंच कर संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की नहीं, ढपोरशंखों की सरकार चल रही है, जो सरकारी स्कूल बंद कर बच्चों को अनपढ़ और बाबा साहब के शिक्षित राष्ट्र के सपने को कुचलना चाहती है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में 27000 पाठशालाओं को बंद करके 27308 नई मधुशालाएं खोली गई है। 5000 स्कूल बंद किए जा चुके हैं। उन्होने राज्यसभा में बच्चों के स्कूल बचाने पर चर्चा करने के लिए 267 का नोटिस दिया है और उच्चतम न्यायालय में भी याचिका दाखिल करने जा रहे हैं।

# घर में घुसकर छात्रा के साथ छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**भोपा, 27 जुलाई (बु.)।** थानाक्षेत्र के एक गांव में छात्रा के साथ स्कूल आते-जाते समय छेड़छाड़ कर मोबाइल पर बात करने का दबाव बनाने और स्कूल से लौटते समय छात्रा के घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक भोपा ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि एक आरोपी उसकी पुत्री के साथ स्कूल में आते जाते समय छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे रहा था। आरोपी छात्रा के साथ अश्लील हरकतें करते हुए उस पर मोबाइल पर बात करने का दबाव बना रहा था। बीते शनिवार की दोपहर उसकी पुत्री स्कूल से वापस घर लौट रही थी, तभी आरोपी ने उसकी पुत्री का पीछा करना शुरू कर दिया और उसके घर में घुस आया। आरोपी ने छात्रा को अकेला देख उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। छात्रा द्वारा शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। छात्रा ने घर लौटे परिजनों को मामले की जानकारी दी, जिस पर पीड़िता के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस तभी से आरोपी को तलाश कर रही थी। रविवार को भोपा



थाने पर तैनात उप निरीक्षक ललित राजपूत और सतेंद्र कुमार व महिला उपनिरीक्षक अजय यादव ने आरोपी विनीत पुत्र जितेंद्र निवासी वजीराबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि महिला अपराध और छेड़छाड़ की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अनिरुद्धाचार्य के बयान पर महिला आयोग सख्त

**लखनऊ 27 जुलाई (वार्ता)** कथावाचक स्वामी अनिरुद्धाचार्य द्वारा बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी के प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने मथुरा के जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। चौहान ने कहा कि कथावाचक द्वारा की गई टिप्पणी का वह घोर विरोध करती हैं, जो उन्होंने बेटियों और महिलाओं को लेकर की है। उन्होने कहा मुझे लगता है कि इससे ज्यादा भद्दी और घटिया भाषा का प्रयोग कोई नहीं कर सकता है। व्यास गद्दी पर बैठकर इतने बड़े कथावाचक जिनको सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके बावजूद यह ऐसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह अच्छी बात नहीं है। इन्हें कम उम्र में ज्यादा शोहरत मिल गई है जो जो इनको समझ में नहीं आ रहा है। मैं तो यही कहूंगी विनाश काले विपरीत बुद्धि।